तापमान
अधिकतम 28.8 डिग्री
न्यूनतम 6.8 डिग्री

हरिभूमि
# जीटी रोड भूमि
रोहतक, गुरुवार, 20 नवंबर 2025

12 गांव संतोखी व बेरपुरा में तैयार होंगे उप स्वास्थ्य केंद्र



12 डीटीपी ने अवैध कॉलोनियों में किए गए पांच निर्माण ढहाए



## खबर संक्षेप

### मादक पदार्थ तस्कर को आठ साल की कैद

**पानीपत।** एडिशनल सेशन जज योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के आरोपी श्याम पुत्र बारू राम निवासी गांव नारायणा जिला पानीपत को दोषी करार देते हुए आठ साल के कठोर कारावास की सजा सुनाई। जबकि श्याम पर एक लाख रूपये का जुर्माना किया, नहीं देने पर दोषी को एक साल का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। स्मरणीय है कि पानीपत पुलिस ने श्याम को मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में सात मार्च सन-2020 को गिरफ्तार कर इसके खिलाफ थाना चांदनी बाग में बीस एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज किया था।

### नशा तस्करी के दोषी को तीन साल का कारावास

**पानीपत।** एएसजे योगेश चौधरी की अदालत ने मादक पदार्थ की तस्करी के दोषी सुरेश उर्फ पट्टा पुत्र रघबीर पंडित निवासी गांव राजाखेडी जिला पानीपत को तीन साल का कठोर कारावास व 50 हजार रूपये जुर्माने की सजा सुनाई। जुर्माना नहीं देने पर सुरेश को छह माह का अतिरिक्त कारावास भोगना होगा। सुरेश पर 28 जुलाई 2020 को किला थाना में मादक पदार्थ की तस्करी के आरोप में केस दर्ज करवाया गया था।

### सेल्समैन से लूट के दो आरोपी गिरफ्तार

**पानीपत।** पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर गांव नौल्था के नजदीक स्थित किसान आटो पेट्रोल पंप पर सेल्समैन से लूट के आरोपी झज्जर के बादली निवासी विनित उर्फ सिकंदर व महेंद्रगढ के बला खुर्द गांव निवासी कर्मवीर उर्फ कर्मा को सीआईए टू पुलिस की टीम सोनीपत जेल से प्रोडक्शन वारंट पर लेकर आई। दोनों आरोपी लूट के अन्य मामले में सोनीपत जेल में बंद थे। वहीं, सीआईए टू प्रभारी इंस्पेक्टर सुमित ने बताया कि थाना इसराना में गांव ब्रहामण माजरा निवासी कुनाल की शिकायत पर केस दर्ज है।

### अदालत से भगौड़े घोषित दो दोषी गिरफ्तार

**पानीपत।** थाना औद्योगिक सेक्टर 29 पुलिस ने हिमाचल के कुल्लू जिले के दलास गांव निवासी आरोपी विशाल उर्फ विशु को गिरफ्तार किया है। आरोपी पर इसी थाने में एनडीपीएस एक्ट में केस दर्ज है। वहीं, पीओ स्टाफ ने पानीपत की ज्योति कॉलोनी निवासी आरोपी हर्ष को गिरफ्तार किया गया है। आरोपी हर्ष थाना सेक्टर 13/17 में मारपीट के आरोप में केस दर्ज है। दोनों को अदालतों ने भगौड़ा घोषित कर रखा था। दोनों पर बीएनएस की धारा 209 के तहत केस दर्ज किया गया है।

### कोलकाता की एनजीओ लगाएगी सेवा शिविर

**कुरुक्षेत्र।** केडीबी सदस्य विजय नरुला ने कहा कि गीता मनीषी स्वामी ज्ञानानंद के सानिध्य में अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 के दौरान 26 से 29 नवंबर तक एनजीओ परमार्थ निकेतन, ऋषिकेश और महावीर सेवा सदन कोलकाता निःशुल्क सेवा शिविर का आयोजन करेगी। यह शिविर गीता ज्ञान संस्थानम में लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि दिव्यागंता मुक्त भारत के विषय को लेकर शारीरिक रूप से दिव्यांगों को कृत्रिम पैर, कैलीपर व हाथ के निःशुल्क वितरण हेतु सेवा शिविर लगाया जाएगा।

### स्कॉर्पियो की टक्कर से बाइक चालक की मौत

**कैथल।** कैथल जिले में पाई-पूंडरी रोड पर एक सड़क हादसे में 31 वर्षीय युवक की मौत हो गई। युवक अपनी बाइक पर सवार होकर गांव सेरधा से पिहोवा की ओर जा रहा था। जैसे ही वह पाई गांव के नजदीक पहुंचा, तो एक स्कॉर्पियो गाड़ी ने उसे टक्कर मार दी और मौके से भाग गया। हादसे में गंभीर रूप से घायल हो गया। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस की टीम मौके पर पहुंच गई व परिजनों को भी सूचित किया।

## हाथों की अनोखी कारीगरी से सजा ब्रह्मसरोवर का पावन तट

# हस्तशिल्प कला ने बदला ब्रह्मसरोवर के पावन तट की फिजा का रंग

तरुण वधवा ▸▸| कुरुक्षेत्र

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव 2025 में 15 नवंबर से 5 दिसंबर तक लगे सरस और शिल्प मेले में विभिन्न राज्यों से पहुंचे शिल्पकारों की हाथों की अनोखी कारीगरी से ब्रह्मसरोवर का पावन तट सज चुका है।

इस महोत्सव के सरस और शिल्प मेले में इन शिल्पकारों की हाथ की कला को देखकर महोत्सव में आने वाला प्रत्येक पर्यटक आश्चर्यचकित हो रहा है।

- लुप्त हो चुकी हस्त शिल्पकला को उजागर करने का एक अच्छा मंच है यह समारोह

अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के मेले में आए शिल्पकारों ने बताया कि वे अपने साथ सुंदर-सुंदर घर की सज्जा सजावट का सामान अपने साथ लेकर आए है। शिल्पकारों सिराज, अख्तर, रंजन जैन ने बताया कि वे हर वर्ष इस अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव में आते है, केडीबी प्रशासन की तरफ से उनको स्टॉल अलॉट किया गया है। यह महोत्सव शिल्पकारों को लुप्त हो चुकी हस्त शिल्पकला को उजागर करने का एक अच्छा मंच देता है। इस महोत्सव में वे अपने साथ बांस से बने घर की सज्जा सजावट का सामान फ्रूट बास्केट, फ्लावर पोर्ट, दीवार सिनरी, कप प्लेट, वॉल हैंगिंग, टेबल लैम्प, बांस से बनी पानी की बोतल इत्यादि सामान लेकर आए है। यह सब सामान वे असम में बांस से बनाते हैं। वे अपनी इस हस्त शिल्पकला से दूसरे लोगों को रोजगार के अवसर भी प्रदान करते है। वे अपनी इस शिल्प कला को दूसरे कई राज्यों में भी दिखाते है और पर्यटक इनकी जमकर खरीददारी कर रहे है।



कुरुक्षेत्र। महोत्सव में लगे क्राफ्ट मेले में खरीदारी करते पर्यटक। फोटो : हरिभूमि

#### महोत्सव में पहुंचेंगे जाने-माने संत

*कुरुक्षेत्र। धर्मक्षेत्र-कुरुक्षेत्र की पावन धरा पर पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों पर देश के जाने-माने संत जन एक मंच पर चिंतन और मंथन करेंगे। इस चिंतन और मंथन से निकलने वाले प्रवचनों और विचारों से देश की भावी पीढ़ी को प्रेरणा मिलेगी। इसके साथ ही पवित्र ग्रंथ गीता के उपदेशों को भी जन-जन तक पहुंचाने जैसे विषयों पर चर्चा की जाएगी। इस संत सम्मेलन की रुपरेखा लगभग तैयार कर ली गई है। इस संत सम्मेलन में योग गुरु स्वामी रामदेव महाराज, साध्वी रितंबरा, सुधांशु महाराज, अवधेशानंद महाराज, गोबिंद देव गिरी, धर्मदेव पटौदी, रोहतक से कालीदास, कपिलपुरी के साथ-साथ हरियाणा और कुरुक्षेत्र के जाने-माने संतजनों के पहुंचने की संभावना है।*

#### विद्या भारती के छात्र घरों में दीपक जलाएंगे

गीता जयंती को पूरा देश पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाता है। इस कड़ी में जुडते हुए इस अवसर पर विद्या भारती के 65 विद्यालयों के 26082 छात्र व 1287 आचार्य अपने अपने घरों पर 1 दिसम्बर के पांच पांच दीपक जला कर इस पर्व को मनाऐगे। सभी विद्यालयों के वंदना सत्र में अष्टादश श्लोकी गीता का पाठ किया जाएगा। 9 विद्यालयों के छात्र 1 दिसम्बर को सन्निहित सरोवर पर 1100- 1100 दीपक जलाकर इस कार्यक्रम में हिस्सा लेगे। हिंदू शिक्षा समिति के महामंत्री सम्पूर्ण सिंह ने बताया कि विद्या भारती हमेशा कुरूक्षेत्र विकास बोर्ड का इस आयोजन में सहयोग करती रही है इस बार भी श्री मद्भगवतगीता वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय व गीता निकेतन आवासीय विद्यालय के एनसीसी व एनएसएस के छात्र प्रतिदिन सरोवर पर स्वच्छता अभियान चला कर लोगों को जागरूक करेगें।

## कुरुक्षेत्र में गीता जयंती समारोह

## वाद्य यंत्रों की धुनों पर मदमस्त होकर झूम रहे युवा पर्यटक




कुरुक्षेत्र। महोत्सव में वाद्य यंत्रों की धुनों पर थिरकते पर्यटक। फोटो : हरिभूमि

**कुरुक्षेत्र।** अंतर्राष्ट्रीय गीता महोत्सव-2025 में ब्रह्मसरोवर के हर घाट और मार्ग सांस्कृतिक मंच के रुप में नजर आ रहे है। इस सांस्कृतिक मंच पर प्रदेश के कोने-कोने से आए लोक कलाकार हरियाणा के प्राचीन वाद्य यंत्रों के जरिए युवा पीढ़ी को अपनी तरफ आकर्षित कर रहे है। इस मंच पर वाद्य यंत्रों से निकलने वाली सुरीली धुने युवा पीढ़ी को झूमने पर मजबूर कर रही है। गीता महोत्सव में ब्रह्मसरोवर के चारों तरफ बजने वाले वाद्य यंत्रों की धुनों पर युवा पीढ़ी खूब आनंद ले रही है और टोलियां बनाकर लोक कलाकारों के साथ नृत्य कर रहे है और इस नृत्य को देखने के लिए पर्यटकों की भीड़ भी देखने को मिल रही है। कुछ लोग इस दृश्य को अपने कैमरों में कैद कर सोशल साईटस के प्लेटफार्म पर वायरल कर रहे है, वहीं कुछ लोग इन फोटो और वीडियो को अपनी धरोहर के रूप में सहेजने का काम भी कर रहे है। अंबाला केंद्रीय विद्यालय-2 के नन्हे-नन्हे विद्यार्थी भी गीता महोत्सव के कला और सांस्कृतिक रंगों को देखने के लिए पहुंचे। ये विद्यार्थी अनुशासन में रहकर लाइनों में चल रहे थे और जैसे पुरुषोत्तमपुरा बाग कात्यायनी मंदिर के पास पहुंचे और वहां पर बीन-बांसुरी की धुन ने विद्यार्थियों को झूमने पर मजबूर कर दिया। केडीबी के मानद सचिव उपेंद्र सिंघल का भी कहना है कि युवा पीढ़ी को देश और प्रदेश की प्राचीन संस्कृति और संस्कारों से रुबरु करवाने के लिए सरकार की तरफ से अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव जैसे मंचों को सजाया गया है। इस मंच के माध्यम से युवा पीढ़ी को संस्कृति और संस्कारों को जानने और ग्रहण करने का अवसर मिल रहा है।

## महापौर ने जन समस्याओं का किया समाधान

- सिंगल यूज प्लास्टिक मुक्त शहर बनाएं नागरिक : रेनू बाला गुप्ता

हरिभूमि न्यूज ▸▸| करनाल

शहर की जन सुविधा व्यवस्था को सुदृढ़ करने और नागरिकों को त्वरित राहत प्रदान करने के उद्देश्य से महापौर रेनू बाला गुप्ता ने बुधवार को नगर निगम कार्यालय में जन सुनवाई का आयोजन किया। जन सुनवाई में भारी संख्या में पहुंचे नागरिकों की समस्याओं को महापौर ने एक-एक कर सुना और संबंधित अधिकारियों को मौके पर ही बुलाकर उनका निवारण करवाया।

महापौर ने अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए कि आमजन की शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और किसी भी प्रकार की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से आग्रह किया कि वे नगर निगम कार्यालय में अपनी शिकायतें लिखित रूप में लेकर आएं तथा मोबाइल नंबर भी अवश्य लिखें, ताकि कार्य पूरा होने पर फीडबैक लिया जा सके। महापौर रेनू बाला गुप्ता ने निगम इंजीनियरों को निर्देश दिए कि शहर में सड़कों के गड्ढे भरने, सीवरेज चोक, बरसाती पानी की पाइपलाइन, जलापूर्ति और स्ट्रीट लाइट संबंधित समस्याओं का तुरंत समाधान किया जाए।



## इलेक्ट्रिक स्कूटी के शोरूम में लगी आग


हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

जगाधरी बस स्टैंड के नजदीक बीती रात शॉर्ट सर्किट के कारण इलेक्ट्रिक स्कूटी शोरूम में आग लग गई। आग लगने से शोरूम में खड़ी 60 से अधिक इलेक्ट्रिक स्कूटियां जलकर रखा हो गई।

- 60 से अधिक इलेक्ट्रिक स्कूटियां जलकर राख

दमकल विभाग की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर चार घंटे की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से लाखों रुपये के नुकसान की आशंका जताई जा रही है।

व्यासपुर निवासी गगन मलिक ने बताया कि अंबाला रोड पर जगाधरी बस स्टैंड के पास उनकी कान्हा ऑटो मोबाइल्स के नाम से जे लियो कंपनी के इलेक्ट्रिक स्कूटी का शोरूम है। रात करीब साढ़े सात बजे वह अपने शोरूम को अच्छे से लॉक करके घर चला गया था। करीब आधे घंटे बाद उनके पास फोन आया कि उनके शोरूम के अंदर से धुआं निकल रहा है। सूचना मिलते ही वह मौके पर पहुंचा। उसने शोरूम खोलकर देखा तो अंदर आग लगी हुई थी। उसने आग लगने की सूचना दमकल विभाग को दी। दमकल विभाग की दो गाड़ियां मौके पर पहुंची मगर आग पर काबू नहीं पाया जा सका। आग लगने से शोरूम में खड़ी करीब 60 से अधिक नई व पुरानी स्कूटियां जलकर रखा हो गई। इसके साथ ही शोरूम में रखे सभी दस्तावेज व लैपटॉप भी जल गया। इसके बाद दमकल विभाग की छह गाड़ियों ने मौके पर पहुंचकर करीब चार घंटे की मशक्त के बाद आग पर काबू पाया। आग लगने से शोरूम की दीवारों में भी आई दरारें आ गई। उधर, जगाधरी सिटी थाना प्रभारी राकेश कुमार ने बताया कि सूचना मिलते ही मौके पर पहुंचे थे। आग लगने का अभी तक कारण स्पष्ट नहीं हुआ है। प्राथमिक जांच में ऐसा लग रहा है कि आग शॉर्ट सर्किट के कारण लगी है। आगजनी ने कोई हताहत नहीं हुआ है लेकिन आर्थिक नुकसान भारी हुआ है।



## छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई को किया नमन

**थानेसर।** रानी लक्ष्मीबाई की जयंती के अवसर पर छात्राओं ने रानी लक्ष्मीबाई को नमन किया। विद्यालय स्थापना दिवस के अवसर पर छात्राओं को विद्यालय स्थापना के बारे में जानकारी दी गई। सन-1956 में विद्यालय का एक नन्हे पौधे के रूप में जन्म हुआ। विद्यालय की नींव हरियाणा संस्कृत अकादमी के डायरेक्टर डॉ सी. डी. एस. कौशल की माता स्वर्गीय श्रीमती कमला कौशल के द्वारा रखी गई। स्थापना समय से ही विद्यालय ने दिन प्रतिदिन उन्नति कर अपना एक अहम स्थान बनाया।विद्यालय विद्या भारती अखिल भारतीय शिक्षा संस्थान के मार्गदर्शन में संचालित है। विद्यालय प्रबंध समिति के अध्यक्ष राजेंद्र सिंह कलेर, उपाध्यक्ष डॉ जितेंद्र कुमार, प्रबंधक बलवीर प्रकाश, कोषाध्यक्ष सुरेश सैनी, शिक्षाविद् डॉ हरि प्रकाश शर्मा, सदस्य डॉ सौरभ त्रिखा, डॉ राजेश अग्रवाल, महिला प्रतिनिधि श्रीमती अंजलि शर्मा एवं प्राचार्या श्रीमती सुमन बाला ने सभी को विद्यालय स्थापना दिवस की हार्दिक बधाई दी।

## केयू विधि विभाग के विद्यार्थियों ने किशोर संरक्षण एवं अधिकार विषय पर किया जागरूक

**कुरुक्षेत्र।** कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर सोमनाथ सचदेवा के मार्गदर्शन में कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय के विधि विभाग ने जिला विधिक सेवा प्राधिकरण (डीएलएसए), कुरुक्षेत्र के सहयोग से किशोर संरक्षण एवं अधिकार विषय को लेकर ब्रह्म सरोवर पर गीता जयंती कार्यक्रम में आम जनता को बच्चों के लिए उपलब्ध कानूनी सुरक्षा उपायों और उनकी भलाई के प्रति समाज की जिम्मेदारी के बारे में जागरूक किया। विद्यार्थियों द्वारा किशोरों के संरक्षण और अधिकारों को लेकर नुक्कड़ नाटक के माध्यम से बच्चों के सामने आने वाली विभिन्न चुनौतियों और अपने अधिकारों के बारे में जागरूकता की कमी - को दशार्या। नाटक में किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम की भूमिका, संवैधानिक गारंटियों और प्रत्येक बच्चे को देखभाल, सुरक्षा और समान अवसर प्रदान करने के समाज के कर्तव्य पर जोर दिया।

## किशोरी ने युवक पर लगाया दुष्कर्म का आरोप

हरिभूमि न्यूज ▸▸| मुलाना

एक गांव की रहने वाली किशोरी ने युवक पर दुष्कर्म का आरोप लगाया है। पीड़िता के परिवार की तहरीर पर पुलिस ने युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। परिजनों ने शिकायत में बताया कि किशोरी किसी काम से घर के बाहर गई थी, तभी आरोपी युवक ने दुष्कर्म की वारदात की। पीड़िता ने घर पहुंचकर परिजनों को आपबीती बताई जिसके बाद परिवार पुलिस के पास पहुंचा और तहरीर देकर आरोपी युवक की गिरफ्तारी की मांग की। तहरीर के आधार पर पुलिस ने पॉक्सो एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज करते हुए मेडिकल जांच करवाई है। थाना प्रभारी प्रमोद राणा ने बताया कि आरोपी की पहचान कर ली गई है और उसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस टीमों को लगाया गया है। आरोपी फरार है। पुलिस उसके संभावित ठिकानों पर लगातार दबिश दे रही है।

### श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा

# शहीदी यात्रा का अंबाला शहर में हर चौराहे पर अभिनंदन

- बादशाही बाग गुरुद्वारा में होगा शहीदी यात्रा का रात्रि ठहराव

हरिभूमि न्यूज ▸▸| अंबाला

श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहीदी वर्ष के उपलक्ष्य में निकाली जा रही शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) का बुधवार को अंबाला शहर में बेहद श्रद्धा और उत्साह के साथ स्वागत किया गया। शहरभर में विभिन्न स्थानों पर संगत ने पुष्पवर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया। बता दें कि बुधवार को यह शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) ऐतिहासिक गुरूद्वारा पंजोखरा साहिब से शुरू हुआ है जोकि जनेतपुर, गरनाला, मंडौर होते हुए अंबाला शहर में प्रवेश हुआ। सभी जगहों पर सिख संगत के साथ-साथ अन्य श्रद्धालुओं ने यात्रा का श्रद्धापूर्वक पुष्प वर्षा करके स्वागत कर रहे हैं वहीं माथा टेककर आशीर्वाद भी प्राप्त कर रहे हैं। गुरु तेग बहादुर जी के जीवन, शिक्षाओं और सर्वोच्च बलिदान को दर्शाती यह शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) शहर के लिए आस्था का प्रतीक बनी हुई है। सिख संगत के साथ-साथ अन्य श्रद्धालुओं ने रास्ते भर श्रद्धा के साथ यात्रा का स्वागत किया और बड़ी संख्या में उपस्थित होकर आशीर्वाद लिया। ऐतिहासिक शहीदी यात्रा (नगर कीर्तन) का पूर्व राज्यमंत्री असीम गोयल के निवास स्थान प्रेमनगर के समक्ष पहुंचने पर भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा, निगम सदस्य व अन्य गणमान्य लोगों ने पुष्प वर्षा करके भव्य अभिनंदन किया। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष के साथ-साथ अन्य श्रद्धालुओं ने माथा टेककर गुरू का आशीर्वाद भी प्राप्त किया। भाजपा जिला अध्यक्ष मनदीप राणा ने नगर कीर्तन की अगुवाई कर रहे पंच प्यारों को सिरोपा पहनाकर उनका श्रद्धापूर्वक सम्मान भी किया। इससे पहले जग्गी सिटी सेंटर के नजदीक जिला परिषद के चेयरमैन मक्खन सिंह लबाना व मंडौर के पास निगम सदस्य मनीष आनंद मन्नी तथा अनाज मंडी अंबाला शहर के पास मार्केट कमेटी के चेयरमैन जसविंद्र सिंह उगाड़ा तथा पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक के नजदीक पहुंचने पर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ श्रद्धालुओं ने नगर कीर्तन का स्वागत किया।




अंबाला। नगर कीर्तन के दौरान मत्था टेकते भाजपा अध्यक्ष मनदीप राणा व अगुवाई करती संगत।

#### धार्मिक सौहार्द का प्रतीक बनी यात्रा

*नगर कीर्तन आज पंजोखरा साहिब से शुरू होकर बलदेव नगर, जग्गी सिटी सेंटर, सिविल चौक, अग्रसेन चौक, अनाज मंडी चौक पर पहुंची। नगर कीर्तन सैक्टर 8, सैक्टर 9, पंडित दीन दयाल उपाध्याय चौक, सैक्टर 10 गुरूद्वारा साहिब, मानव चौक होते हुए नगर कीर्तन बादशाही बाग गुरूद्वारा साहिब पहुंचा। यहां रात्रि ठहराव होगा। सभी जगहों पर श्रद्धालु यात्रा का भव्य अभिनंदन करते हुए आशीर्वाद भी ले रहे हैं। यात्रा मार्ग में श्रद्धालुओं द्वारा की गई सेवा भावना, लंगर वितरण, प्रसाद और पुष्प वर्षा, इस यात्रा को मानवता, त्याग और धार्मिक सौहार्द का प्रेरणादायक प्रतीक बना रही है।*

## केयू में तीन दिवसीय गीता सम्मेलन का उद्घाटन 24 को

**कुरुक्षेत्र।** विदेश मंत्रालय, भारत सरकार, कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय तथा कुरुक्षेत्र विकास बोर्ड के संयुक्त तत्वावधान में तीन दिवसीय 10वें अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन का केयू ऑडिटोरियम हॉल में 24 नवंबर को विधिवत शुभारम्भ होगा। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि 10वें अंतर्राष्ट्रीय गीता सम्मेलन में गीतोक्त स्वधर्मः कर्तव्यनिष्ठा, शांति और सद्भावना की प्रेरणा विषय पर देश-विदेश के गीता प्रेमी, विद्वान, गणमान्य अतिथि व अनेक देशों के प्रतिनिधि भागीदारी करेंगे। अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन में 13 तकनीकी सत्रों में 16 देशों के 25 विद्वतजन गीता के सार पर मंथन करेंगे। कुलपति प्रो. सोमनाथ सचदेवा ने कहा कि 24 से 26 नवंबर के बीच आयोजित होने वाले गीता सम्मेलन की तैयारियों को लेकर सभी संयोजकों एवं आयोजन समिति के सदस्यों को दिशा-निर्देश दिए।

## खबर संक्षेप



### नपा कर्मचारी संघ के सुभाष प्रोचा बने प्रधान

**करनाल।** नगरपालिका कर्मचारी संघ का जिला स्तरीय चुनाव सर्वसम्मति से सम्पन्न हुआ। बैठक में पहुंचे सभी ब्लॉकों के पदाधिकारियों ने सर्वसम्मति से सुभाष प्रोचा को जिला प्रधान चुना। चुनाव प्रक्रिया प्रदेश महासचिव मांगेराम तिगरा, प्रदेश उपप्रधान वीरभान बिडलान व प्रदेश सह सचिव शारदा की देखरेख में सम्पन्न हुई। नए जिला प्रधान सुभाष प्रोचा ने कहा कि जो जिम्मेवारी उन्हें मिली है उसे वह ईमानदारी और निष्ठा से निभाएंगे। उन्होंने कर्मचारियों की समस्याओं को हल करवाने के लिए संघर्ष जारी रखने और लंबित मांगों को पूरा करवाने के लिए विस्तारित आंदोलन की योजना बनाने की बात कही। उन्होंने सफाई कर्मचारियों के संघर्ष में संघ के प्रत्येक सदस्य के कंधे से कंधा मिलाकर खड़े रहने का यकीन दिलाया।

### आंखे दान कर अमर हो गई बोहती देवी

घरौंडा। डेरा सच्चा सौदा व मानवता भलाई केंद्र सिरसा की अनुयायाई बोहती देवी इंसां निवासी सरफाबाद की मृत्यु के बाद उनके परिजनों ने उनकी आँखें अर्पणा आई बैंक को दान कर दी। यह नेक कार्य मानवता की मिसाल पेश करता है और समाज में प्रेरणादायक है। बोहती देवी ने संत डॉ गुरमीत राम रहीम सिंह जी की प्रेरणा से मरणोपरांत शरीर दान और आँखें दान करने का फार्म भरा था। हालांकि, मेडिकल कॉलेजों द्वारा डिमांड न होने के कारण उनका शरीर दान नहीं किया जा सका, लेकिन उनके परिवार ने उनकी इच्छानुसार आँखें दान करने का निर्णय लिया।

### युवाओं ने ली नशा न करने की शपथ

करनाल। नशा मुक्त भारत की पांचवी वर्षगांठ के मौके पर पंडित चिरंजी लाल शर्मा राजकीय महाविद्यालय में मंगलवार को एक शपथ समारोह का आयोजन किया गया। महाविद्यालय की प्राचार्या डॉ. रेखा त्यागी ने इस अवसर पर कहा कि इस अभियान का मुख्य उद्देश्य युवाओं और समुदायों को नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करना है। उन्होंने विद्यार्थियों से नशा मुक्त भारत के निर्माण में सक्रिय भूमिका निभाने की पुरजोर अपील की। उपप्राचार्य डॉ. जरनैल सिंह ने युवाओं को नशे से दूर रहने और समाज में जागरूकता फैलाने के लिए प्रेरित किया।

### प्रतिभा खोज प्रतियोगिता में बच्चों ने जमाया रंग

**करनाल।** पी.एम.श्री राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय करनाल में हरियाणा स्कूल शिक्षा परियोजना के तहत जिला स्तरीय प्रतिभा खोज प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। डीपीसी ज्योत्सना मिश्रा के मार्गदर्शन एवं कार्यक्रम की नोडल अधिकारी एपीसी अंजू के नेतृत्व में यह प्रतियोगिता आयोजित की गई।नोडल अधिकारी एपीसी अंजू ने बताया कि इस जिला स्तरीय प्रतियोगिता में केवल उन्हीं विद्यार्थियों ने भाग लिया।

## प्रशासन की सख्ती से अवैध कब्जाधारकों में दिनभर मचा रहा हड़कंप

# चार गांवों में अवैध कब्जों पर चला पीला पंजा, आधा दर्जन से ज्यादा निर्माण ध्वस्त

दोबारा प्लॉटिंग शुरू होते देख विभाग एक बार फिर हुआ सक्रिय, इन क्षेत्रों में सख्त कदम उठाए

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

प्रशासन की सख्त रोकथाम और लगातार की जा रही कार्रवाई के बावजूद घरौंडा शहर ही नहीं, बल्कि ग्रामीण क्षेत्रों में भी अवैध कॉलोनियों के विकास का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है। कॉलोनाइज़र प्रशासन की कार्रवाइयों से बेखौफ दिखाई दे रहे हैं और बार-बार अवैध प्लॉटिंग व निर्माण का काम शुरू कर देते हैं। इसे देखते हुए चार गांवों में बड़ी कार्रवाई की और आधा दर्जन से अधिक अवैध निर्माण ध्वस्त किए गए। बुधवार को डीटीपी विभाग की टीम ने ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश शर्मा की देखरेख में गांव पूंडरी, फरीदपुर, अलीपुरा और हरसिंहपुरा में संयुक्त कार्रवाई की। इस दौरान करीब आधा दर्जन अवैध कॉलोनियों पर पीला पंजा चलाते हुए अवैध निर्माणों को ढहा दिया गया। कई स्थानों पर प्लॉटिंग के लिए बनाई जा रही सड़कों, दीवारों और ढांचों को भी उखाड़ फेंका गया। बार-बार अवैध कॉलोनियाँ बनाना बर्दाश्त नहीं"—ड्यूटी मजिस्ट्रेट। ड्यूटी मजिस्ट्रेट रवि प्रकाश शर्मा ने बताया कि घरौंडा नगरी और ग्रामीण क्षेत्र में अवैध कॉलोनियों के खिलाफ नियमित रूप से अभियान चलाया जाता है। इसके बावजूद कुछ कॉलोनाइज़र बार-बार नए नाम से प्लॉटिंग शुरू कर देते हैं, जो कानून का स्पष्ट उल्लंघन है। उन्होंने कहा कि ऐसे कॉलोनाइज़रों के खिलाफ अब कठोर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उनकी दोबारा अवैध कॉलोनी विकसित करने की कोशिशों को किसी हाल में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। स्थानीय लोगों का कहना है कि प्रशासनिक कार्रवाई के बावजूद कॉलोनाइज़र मौके का फायदा उठाकर ग्रामीण क्षेत्रों में खाली जमीनों पर अवैध तरीके से प्लॉट काट देते हैं। विभाग के हटते ही दोबारा निर्माण शुरू कर दिया जाता है। इससे आम नागरिकों को भी भविष्य में कानूनी जटिलताओं का सामना करना पड़ सकता है।





घरौंडा। अवैध निर्माध को ध्वस्त करती प्रशासन की जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

### पहले भी हुई थी कार्रवाई, दोबारा किया निर्माण

गौरतलब है कि गांव पूंडरी में डीटीपी विभाग द्वारा दो माह पहले भी पानीपत रोड पर विकसित की जा रही अवैध कॉलोनी पर बड़ी कार्रवाई की गई थी। उस समय विभाग ने कॉलोनी की सड़कों और संरचनाओं को ध्वस्त कर चेतावनी भी दी थी। लेकिन कॉलोनाइज़र दोबारा सक्रिय हो गए और न सिर्फ निर्माण कार्य शुरू कर दिया, बल्कि चार शोरूम भी खड़े कर दिए तथा उन पर लेटर इत्यादि लगाकर बिक्री का प्रयास भी शुरू कर दिया था।
इसी प्रकार गांव अलीपुरा और फरीदपुर में भी विभाग पहले अवैध कॉलोनियों के खिलाफ कार्रवाई कर चुका है, फिर भी दोबारा प्लॉटिंग शुरू होते देख विभाग ने आज फिर इन क्षेत्रों में सख्त कदम उठाए।

### प्रशासन की अपील

प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि बिना अनुमति और बिना लाइसेंस विकसित की जा रही किसी भी कॉलोनी में प्लॉट न खरीदें, ताकि भविष्य में आर्थिक नुकसान और कानूनी परेशानी से बचा जा सके।

## किसान सम्मान निधि की 21वीं किस्त जारी



# करनाल के किसानों को मिली 14 करोड़ की राहत

- विधायक जगमोहन आनंद ने कहा- यह विश्व की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण योजनाओं में से एक

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

विधायक जगमोहन आनंद ने कहा कि प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना केंद्र सरकार की एक महत्वपूर्ण योजना है। बुधवार को एनडीआरआई के सभागार में आयोजित कार्यक्रम में बोलते हुए उन्होंने बताया कि यह योजना विश्व की सबसे बड़ी प्रत्यक्ष लाभ हस्तांतरण (DBT) योजनाओं में से एक है। इस योजना के तहत देश में अब तक 3 लाख 90 हजार करोड़ रुपये का लाभ किसानों को दिया जा चुका है, और आज 21वीं किस्त के रूप में राष्ट्रीय स्तर पर 18 हजार करोड़ रुपये सीधे तौर पर किसानों के खातों में डाले गए। विधायक आनंद ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का धन्यवाद करते हुए कहा कि किसानों को ट्रांसफर की जा रही यह राशि उनके लिए बड़ी राहत है। उन्होंने कहा कि करनाल के सांसद एवं केंद्रीय मंत्री मनोहर लाल प्रधानमंत्री के साथ मिलकर किसान हित में नीतियां बना रहे हैं, और मुख्यमंत्री नायब सिंह उन्हीं नीतियों को आगे बढ़ा रहे हैं।

### योजना की दी विस्तृत जानकारी

विधायक ने बताया कि पीएम किसान सम्मान योजना का आरंभ वित्तीय वर्ष 2018-19 में हुआ। इसका उद्देश्य सभी कृषि योग्य भूमि धारक किसानों को कृषि सामग्री की खरीद के लिए अतिरिक्त वित्तीय सहायता प्रदान करना है। इस योजना के 85 प्रतिशत से अधिक लाभार्थी छोटे व सीमांत किसान हैं। योजना में किसानों को दो हजार रुपए की तीन समान-किस्तों में सालाना छह हजार रुपये की आर्थिक मदद डीबीटी के माध्यम से सीधे बैंक खाते में दी जाती है।

# 1271 कर्मचारियों की एचकेआरएन में शामिल करने की मांग पर हड़ताल जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



रोहतक पीजीआई में कार्यरत 1271 अनुबंध कर्मचारी हरियाणा सरकार से गुहार लगा रहे हैं कि उन्हें हरियाणा कौशल रोजगार निगम (एच.के.आर.एन.) से जोडकर सरकार अपने वादे को पूरा करे। पिछले पांच महीनों से कर्मचारी हड़ताल पर हैं और करनाल में धरना जिला सचिवालय के सामने जारी है। कर्मचारियों ने कहा कि सरकार उन्हें एच.के.आर.एन. से जोडक़र उनकी मांग को पूरा करे और उनके साथ भेदभाव की नीति नहीं अपनाई जानी चाहिए। 2021 में एच.के.आर.एन. से जोडऩे का जो वादा किया गया था, उसे तत्काल पूरा किया जाए। अनुबंध कर्मचारी स्वास्थ्य देखभाल रोहतक संगठन से जुड़े इन कर्मचारियों को मुख्यमंत्री से भी नहीं मिलने दिया जा रहा है।

प्रधान अभिषेक और सतीश ने बताया कि जून महीने से हड़ताल के बावजूद कोई सुनवाई नहीं हुई। सितंबर माह के अंत में जब कर्मचारी अपनी बात मुख्यमंत्री तक पहुंचाने के लिए रोहतक से पैदल मार्च निकाल कर चंडीगढ़ जा रहे थे तो उन्हें करनाल से आगे नहीं बढऩे दिया गया, तभी से वे सचिवालय के सामने धरने पर बैठे हैं।

# इंदिरा गांधी की जयंती पर राष्ट्र निर्माण का संकल्प

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

भारत की पूर्व प्रधानमंत्री, लौह-स्वभाव और अदम्य साहस की प्रतीक भारत रत्न स्वर्गीय इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती का पावन अवसर आज हरियाणा प्रदेश कांग्रेस समिति के कार्यालय में बड़ी श्रद्धा और सम्मान के साथ मनाया गया।

इस अवसर पर विधायिका गीता भुक्कल, संजीव भारद्वाज (प्रभारी सूचना माध्यम), वरिष्ठ कांग्रेस नेता भाई भूपि , संगठन सचिव आर. डी. सैनी जी, तथा कार्यालय प्रभारी तलविंदर और सुनील सहित अनेक कार्यकर्ता और पदाधिकारी उपस्थित रहे। सभी ने इंदिरा जी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर उन्हें भावपूर्ण श्रद्धांजलि दी। नेताओं ने कहा कि इंदिरा गांधी जी का संपूर्ण जीवन राष्ट्रहित, सामाजिक न्याय और भारत को आत्मनिर्भर बनाने के संकल्प से जुड़ा रहा। 1971 के बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में उनके निर्णायक नेतृत्व, हरित क्रांति को गति देने, बैंकों के राष्ट्रीयकरण, प्रिवी पर्स समाप्त कर लोकतांत्रिक मूल्यों को सशक्त करने, तथा 'गरीबी हटाओ' जैसे ऐतिहासिक प्रयासों ने देश की दिशा और दशा बदल दी। आज उनकी जयंती पर हम उनके दिखाए मार्ग एकता, आत्मनिर्भरता, सामाजिक न्याय और राष्ट्रीय मजबूती को आगे बढ़ाने का संकल्प लेते हैं।





**करनाल।** भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंद्रागाधी की जयंती पर श्रद्धासुमन अर्पित करते कांग्रेसी। फोटो : हरिभूमि

### कांग्रेस सेवा दल ने भी किया नमन

करनाल में कांग्रेस सेवा दल ने भी दृढ निश्चय और अद्भुत क्षमता वाली भारत की प्रथम महिला प्रधानमंत्री को याद किया। जिला प्रधान अनिल शर्मा और ग्रामीण जिला प्रधान मदन राणा के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने पुष्प अर्पित कर नमन किया और राहगीरों को लड्डू बांटे।



### डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष व्याख्यान, तनाव-नियंत्रण पर ज़ोर

करनाल। कुमारी विद्यावती आनंद डी.ए.वी. महिला महाविद्यालय में 'मनोविज्ञान विभाग एवं समान अवसर प्रकोष्ठ' द्वारा मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता एवं परामर्श कार्यक्रम विषय पर विस्तृत व्याख्यान का सफलतापूर्वक आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम पं. सी.एल.एस. राजकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय और सिविल स्वास्थ्य विभाग के संयुक्त तत्वावधान से हुआ। मुख्य वक्ता डॉ. राजेश मेहरा, जो मनोविज्ञान विभाग में प्राध्यापक हैं, ने छात्राओं को विषय से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्रदान कीं। उन्होंने कहा कि तनाव-नियंत्रण, भावनात्मक संतुलन तथा आत्म-देखभाल की आदतों का नियमित अभ्यास अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने सलाह दी कि शैक्षणिक दबाव और पारिवारिक जिम्मेदारियों के बीच संतुलित दिनचर्या, पौष्टिक आहार और स्वस्थ जीवनशैली अपनाकर अनेक मानसिक और शारीरिक समस्याओं से बचा जा सकता है।
महाविद्यालय की प्राचार्या मीनू शर्मा ने छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि मानसिक स्वास्थ्य की देखभाल केवल एक उत्तरदायित्व नहीं, बल्कि जीवन की सकारात्मक आदत है। इस दौरान, विकास ने छात्राओं को मानसिक स्वास्थ्य से संबंधित किरन सहायता पंक्ति के बारे में भी जानकारी दी।

# पुंडरक गांव में जल्द मिलेगा सभी डाक सेवाओं का लाभ, मिली स्वीकृति

- ग्रामीण व्यवसाय और डाक नेटवर्क तक पहुंच योजना' के तहत मिली मंजूरी



- डाकघर खोलने में विधायक जगमोहन के सफल रहे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल

करनाल जिला के गांव पुंडरक के निवासियों के लिए एक बड़ी खुशखबरी है। विधायक जगमोहन आनंद के अथक प्रयासों से वर्ष 2025-26 के लिए 'ग्रामीण व्यवसाय और डाक नेटवर्क तक पहुंच योजना' के तहत स्थानांतरित आधार पर गांव पुंडरक में एक शाखा डाकघर खोलने के लिए मुख्य पोस्टमास्टर जनरल हरियाणा सर्कल अंबाला द्वारा विधिवत स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। इस पहल से ग्रामीणों को अब अपनी डाक सेवाओं, मनी ऑर्डर और अन्य सम्बंधित कार्यों के लिए दूर नहीं जाना पड़ेगा, बल्कि उन्हें गांव में ही इसका लाभ मिलेगा। विधायक आनंद ने बताया कि नए खोले जाने वाले शाखा डाकघर का लेखा कार्यालय रामनगर उप डाकघर (करनाल) में होगा। शाखा डाकपाल सीएसएसआरआई शाखा डाकघर के पद को सीएसएसआरआई शाखा डाकघर से स्थानांतरित करके शाखा डाकपाल पुंडरक शाखा डाकघर के पद पर रिडैजिगनेट किया गया है।

प्रवर अधीक्षक डाकघर करनाल मण्डल अब ग्राम पंचायत पुंडरक से वार्तालाप करके पंचायत भवन में शाखा डाकघर खुलवाने का प्रयास करेंगे। नए डाकघर के उचित नामकरण की सील और मोहर की आपूर्ति होने तक प्रवर अधीक्षक डाकघर करनाल एक प्रायोगिक सेट उपलब्ध करवाएंगे। नए खोले गए शाखा डाकघर में अधिकृत नकदी, स्टाम्प और प्रमाण पत्र बैलेन्स आदि प्रवर अधीक्षक डाकघर करनाल द्वारा निर्धारित किए जाएंगे।



करनाल। छात्रा आयुषी के साथ कोच व शिक्षक। फोटो : हरिभूमि

### डी.ए.वी मधुबन की छात्रा आयुषी ठकराल ने पैरा खेलों में दो स्वर्ण पदक जीते, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चयन

**करनाल।** डीएवी पुलिस सार्वजनिक विद्यालय, मधुबन के लिए यह गौरव का क्षण है। बारहवीं कक्षा विज्ञान विषय की छात्रा आयुषी ठकराल ने तेलंगाना के पैरा खेल संघ द्वारा आयोजित प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए दो स्वर्ण पदक अपने नाम किए हैं। आयुषी ने 50 मीटर बैकस्ट्रोक और 50 मीटर फ्रीस्टाइल प्रतियोगिताओं में शानदार जीत दर्ज की। इस प्रतियोगिता में देशभर से लगभग 600–700 खिलाड़ियों ने भाग लिया था, जिनके बीच आयुषी ने अपने कौशल और दृढ़ संकल्प के बल पर श्रेष्ठता साबित की। उनकी इस शानदार उपलब्धि के कारण आयुषी का चयन अब अंतर्राष्ट्रीय चैंपियनशिप के लिए किया गया है। विद्यालय के प्रधानाचार्य, शिक्षकों और खेल प्रशिक्षकों ने आयुषी की इस सफलता पर हर्ष व्यक्त करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के कृपा दिवस पर भक्ति संगम

- जैन, हिंदू और बौद्ध तीनों परंपराओं के पूजनीय देवता के दरबार में उमड़ा जनसैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| करनाल



महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण महावीर देवता के विशेष कृपा दिवस कृष्ण चौदस के अवसर पर श्री घंटाकर्ण महावीर तीर्थस्थान इंद्री रोड़ पर भक्ति भावनापूर्वक भक्ति संगम का भव्य आयोजन किया गया। सर्वप्रथम श्री घंटाकर्ण बीजमंत्र के सामूहिक जाप से लोकमंगल तथा सभी के कल्याण की कामना की गई। साध्वी जागृति, जयपाल सिंह, अनिता जैन, रीटा जैन, पुष्पा गोयल, निशा जैन ने सुमधुर भक्तिगीतों से समां बांधा। भजनों के बोल, जैसे— /"दादा तेरे चरणों की गर धूल जो मिल जाए, इंद्री वाले की मैंने जब से पकड़ी है बांह, और तू प्यार का सागर है और भक्तों का रहबर है ने सभी उपस्थित भक्तों को झूमने पर विवश कर दिया।

महासाध्वी श्री प्रमिला जी महाराज ने महाप्रभावी श्री घंटाकर्ण देवता के संदर्भ में विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने बतलाया कि श्री घंटाकर्ण कृपानिधान भक्तों पर वात्सल्य बरसाने वाले देवता हैं, जो सबको निहाल तथा मालामाल करते हैं। उन्होंने बताया कि इनके उपासक का कोई विपत्ति कुछ बिगाड़ नहीं पाती और सभी अनुकूलताएं उसकी ओर खिंची आती हैं। श्री घंटाकर्ण जी बावन वीरों में तीसवें वीर शिरोमणि तथा वीरों की परिषद में सेनापति का गौरवमयी स्थान प्राप्त प्रभावशाली देवता हैं। इन्हें जैन, हिंदू तथा बौद्ध तीनों परंपराओं में विशेष पूजनीय तथा आराध्य स्थान प्राप्त है।

## शहर में जगह-जगह पुष्पवर्षा से किया शहीदी यात्रा का स्वागत

# गुरु श्री गुरु तेग बहादुर का शहादत दिवस मनाया

- शहीदी यात्रा में उमड़ा आस्था और श्रद्धा का सैलाब

हरिभूमि न्यूज ▶▶| घरौंडा

सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहादत दिवस को समर्पित भव्य 'शहीदी यात्रा' फरीदाबाद से निकलकर बुधवार को दोपहर ऐतिहासिक यात्रा शहर के गुरुद्वारा साहिब पर पहुंची। शहर की सीमा में यात्रा के प्रवेश करते ही, हजारों की संख्या में उमड़े श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव और उत्साह के साथ पालकी साहिब का ऐतिहासिक स्वागत किया। यह धार्मिक यात्रा धर्म की रक्षा और देश की एकता-अखंडता के लिए गुरु तेग बहादुर जी के सर्वोच्च बलिदान को याद करने और श्रद्धांजलि देने के उद्देश्य से निकाली गई है। 14 अक्टूबर से फरीदाबाद से शुरू हुई यह यात्रा विभिन्न शहरों से होते हुए शहर मुख्य गुरुद्वारा साहिब पर पहुंची। जहा पर गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी, स्थानीय सामाजिक संस्थाओं और प्रशासनिक अधिकारियों ने मिलकर पालकी साहिब को सम्मानपूर्वक ग्रहण किया। यात्रा के मार्ग को स्थानीय लोगों ने पूरी तरह से सजा दिया था। सड़क के दोनों किनारों पर खड़े महिला-पुरुष, बच्चों और बुजुर्गों ने 'जो बोले सो निहाल' के जयकारों के बीच फूलों की वर्षा कर यात्रा का स्वागत किया। इस दौरान वातावरण पूरी तरह से भक्तिमय हो गया। जगह-जगह पर यात्रियों के लिए जलपान और लंगर की विशेष व्यवस्था की गई थी।





**करनाल।** सिखों के नौवें गुरु श्री गुरु तेग बहादुर के 350वें शहादत दिवस पर आयोजित शहीदी यात्रा में मौजूद सिख धर्म के अनुयायी।

### गुरु तेग बहादुर का बलिदान बताया

गुरुद्वारा साहिब के एक सेवादार ने बताया, गुरु तेग बहादुर जी का बलिदान मानवता के लिए एक महान संदेश है। 350वें शहादत दिवस के अवसर पर निकली इस यात्रा के घरौंडा पहुंचने से हमें धर्म और सेवा के मार्ग पर चलने की प्रेरणा मिलती है। कहा कि यह हमारे लिए सौभाग्य की बात है कि हम इस ऐतिहासिक अवसर का हिस्सा बने। गुरुद्वारा परिसर में एक विशाल दीवान सजाया गया, जिसमें देश भर से आए रागी जत्थों ने कीर्तन और कथा के माध्यम से गुरु साहिब की शिक्षाओं पर प्रकाश डाला। आयोजकों ने बताया कि इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य नई पीढ़ी को गुरु जी के त्यागपूर्ण जीवन और उच्च आदर्शों से अवगत कराना है।

## खबर संक्षेप

### आधुनिक खेती को अपनाए किसान : ढांडा

**पानीपत।** कृषि विज्ञान केंद्र गांव उझा में प्रधानमंत्री सम्मान निधि योजना के तहत बुधवार को कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में हरियाणा के शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा ने बतौर मुख्यअतिथि भाग लेकर किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसानों को आधुनिक तकनीक का लाभ उठाकर आधुनिक खेती करनी चाहिए, तभी वे समृद्ध और खुशहाल बन सकते हैं। उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया व समालखा एसडीएम अमित कुमार ने शिक्षा मंत्री महिपाल ढांडा का कार्यक्रम में पहुंचने पर बुके देकर स्वागत किया। कार्यक्रम में पहुंचे किसानों ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का संबोधन ध्यानपूर्वक सुना। कार्यक्रम के दौरान किसानों के खातों में 21वीं किस्त डाली गई, जिसे देखकर किसानों ने जोरदार ताली बजाकर खुशी जताई। वहीं, कृषि वैज्ञानिक डॉ. सतपाल ने कृषि विभाग से जुड़ी विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी।

### पुलिस ने 467 वाहनों के चालान किए

**पानीपत।** पानीपत जिला पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा सड़क हादसों की रोकथाम के उद्देश्य से 10 नवंबर से 16 नवंबर तक विशेष अभियान चलाया गया। ट्रैफिक थाना प्रभारी राजेश की अगुवाई में गलत लेन में वाहन चलाने के 429, ध्वनि प्रदूषण करने के 8, लाल नीली बत्ती इस्तेमाल के 7 तथा शराब पीकर वाहन चलाने वाले 23 वाहन चालकों के चालान काटे गए।

### हादसे में तीन लोग गंभीर रूप से घायल

**पानीपत।** पानीपत-रोहतक नेशनल हाईवे पर एनसी कॉलेज के पास दो बाइकों की आपस में टक्कर हो गई। हादसे में वेद प्रकाश व इसकी पुत्री अंशुल निवासी गांव इसराना व विनोद पुत्र राम सिंह निवासी गांव मांडी जिला पानीपत घायल हो गए। तीनों घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस ने इस मामले की जांच शुरू कर दी है।

### मारपीट करने वाले पांच पकड़े

**पानीपत।** पानीपत के गांव राक्सेहडा में गली में यासिन का रास्ता रोककर मारपीट करने के पांच आरोपियों आसिफ, सऊद, उस्मान, मोहम्मद नइम उर्फ रहीम व इरशाद उर्फ फौजी को गिरफ्तार किया है। गांव हथवाला चौकी इंचार्ज एएसआई बालेश ने बताया कि आरोपियों से दो डंडे, खोदाल, ड्रिल मशीन व हथोड़ा बरामद किया गया है। वहीं, इस केस में यासिन उर्फ सोनू पुत्र लाल उर्फ उमेद की शिकायत पर केस दर्ज हे।

### ववृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन

**पानीपत।** माता-पिता एवं वरिष्ठ नागरिक भरण-पोषण एवं कल्याण अधिनियम का आयोजन जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, पानीपत सचिव वर्षा शर्मा के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवाएं प्राधिकरण, पानीपत और एमडीडी ऑफ इंडिया द्वारा सनौली रोड स्थित वृद्धाश्रम में जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। यह विधेयक सामाजिक न्याय एवं सशक्तीकरण मंत्रालय द्वारा बुजुर्ग व्यक्तियों के कल्याण के लिए लाया गया था।

### अतिरिक्त एनएसपी हेल्पडेस्क स्थापित की

**पानीपत।** जिला समाज कल्याण अधिकारी जयपान सिंह ने बताया कि हरियाणा सरकार ने वर्ष 2025-26 से पोस्ट मेट्रिक छात्रवृत्ति योजनाओं को राष्ट्रीय छात्रवृत्ति पोर्टल के माध्यम से लागू किया है। वहीं, योजना का व्यापक प्रचार करने और अंत्योदय केंद्रों पर अतिरिक्त एनएसपी हेल्पडेस्क स्थापित की है। इन हेल्पडेस्क से विद्यार्थियों के दस्तावेज़ों की जांच, ऑनलाइन आवेदन, केवाईसी तथा अन्य सहायता समय पर उपलब्ध कराई जाएगी।

### विद्यार्थियों के लिए केस स्टडी डिस्कशन प्रतियोगिता कराई

**पानीपत।** आईबी पीजी कॉलेज में वाणिज्य विभाग द्वारा बीकॉम द्वितीय वर्ष के विद्यार्थियों के लिए केस स्टडी डिस्कशन प्रतियोगिता करवाई गई। प्राचार्या डॉ शशि प्रभा मलिक ने प्रतियोगिता का शुभारंभ किया।

---

प्रतीक का आल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी रेसलिंग के लिए हुआ चयन

# अनुशासित मेहनत के बल पर मिलती है तरक्की: डॉ. अरोड़ा

- एसडी कॉलेज के खिलाड़ियों ने केयू की इंटर कॉलेज वेट-लिफ्टिंग और रेसलिंग में मेडल जीते

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** एसडी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा के साथ विजेता खिलाड़ी। फोटो : हरिभूमि

कुरुक्षेत्र विश्वविद्यालय में आयोजित इंटर-कॉलेज वेट-लिफ्टिंग और रेसलिंग चैंपियनशिप में एसडी कॉलेज की निशा ने इंटर कॉलेज वेट-लिफ्टिंग चैंपियनशिप में 53 किलोग्राम भारवर्ग में और कुश्ती के 65 किलोग्राम भारवर्ग में प्रतीक ने रजत पदक जीता है। वहीं, प्रतीक का आल इंडिया इंटर-यूनिवर्सिटी रेसलिंग के लिए भी चयन हो गया है। इधर, विजेता खिलाड़ियों निशा और प्रतीक का स्वागत, प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा, शारीरिक शिक्षा विभागाध्यक्ष डॉ. सुशीला बेनीवाल, अंकुश मलिक, प्रो रेखा, प्रो. आनंद, प्रो. नीलम,ग्राउंडसमैनप्रताप सिंह और अन्य स्टाफ सदस्यों ने किया। वहीं, कॉलेज प्रधान दिनेश गोयल ने निशा और प्रतीक की तारीफ की। जबकि प्राचार्य डॉ. अनुपम अरोड़ा ने दोनों विजेता खिलाड़ियों को बधाई देते हुए कहा किये सभी खिलाड़ी समयबद्धता, धैर्य, अनुशासन और लगन की मिसाल है। ये गुण किसी भी खिलाड़ी के लिए उपलब्धि को प्राप्त करने के मूल मन्त्र है। कॉलेज के सभी खिलाड़ियों को भविष्य में भी आगे बढ़ने के समुचित अवसर और सुविधाएं कॉलेज द्वारा दी जाएगी।

---

*शहीदी यात्रा के साथ शहर भर में नगर कीर्तन निकाला गया*

# साध संगत ने शहीदी यात्रा पर पुष्प वर्षा की

- एसडीएम मनदीप कुमार कुमार ने यात्रा का भावपूर्ण तरीके से अभिवादन किया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत



**पानीपत।** गुरु तेग बहादुर की हिंद की चादर शहीदी यात्रा का शुभारंभ दृश्य।

धन-धन श्री गुरु तेग बहादुर जी के 350वें शहीदी दिवस के उपलक्ष्य में जींद से चली हिंद की चादर तीसरी शहीदी यात्रा का गुरूद्वारा इसराना साहिब में संत राजेंद्र सिंह ने भव्य स्वागत किया। इधर, बुधवार को संत राजेद्र सिंह ने पुष्प मालाओं से स्वागत करते हुए यात्रा को सम्मान पूर्वक रवाना किया। इसराना से पानीपत तक यात्रा का रास्ते में श्रद्धांलुओं द्वारा स्वागत किया गया। पानीपत टोल पर संगत द्वारा यात्रा का फूल मालाओं से स्वागत किया तथा यात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं ने प्रसादा चखा। शहीदी यात्रा के साथ शहर भर में नगर कीर्तन निकाला गया और विभिन्न स्थानों पर संगत ने पुष्प वर्षा कर यात्रा का अभिनंदन किया, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। शहर में धार्मिक माहौल बना रहा और वाहे गुरु जी का खालसा, वाहे गुरु जी की फतेह के जयकारों से ऐतिहासिक नगरी गुंजायमान रही। एसडीएम मनदीप कुमार कुमार ने यात्रा का भावपूर्ण तरीके से अभिवादन किया और कहा कि केंद्र व प्रदेश सरकार हमारी महान विभूतियों के त्याग व समर्पण का संदेश आमजन तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभा रही है। सूचना, जनसंपर्क, भाषा एवं संस्कृति विभाग की ओर से यात्रा में एलईडी वैन के माध्यम से सरकार द्वारा संत महापुरुषों के जीवन वृतांत को भी दिखाया जा रहा है। इस अवसर पर स. अगम अपार सिंह, स. मोहनजीत सिंह, स. हरचरण सिंह धम्मु, स. कुलवंत सिंह व स. लखविंद्र सिंह समेत बडी संख्या में श्रद्धालुओं ने श्री गुरु तेग बहादुर को नमन किया।

---

# फैक्टरी से बह कर खेत में दो फुट तक खडा हुआ प्रदूषित पानी, प्रशासन नहीं कर रहा है सुनवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत

प्रदूषित पानी से बर्बाद हुई किसान की धान की



**पानीपत।** के गांव इसराना के किसान जयदीप के खेत में खडा प्रदूषित पानी।

पानीपत के गांव इसराना निवासी किसान जयदीप की डेढ़ एकड़ भूमि में खड़ी धान की फसल प्रदूषित पानी के दुष्प्रभाव से खराब हो गई। वहीं जयदीप के खेत में नजदीक स्थित फैक्टरी मालिक ने लापरवाही का परिचय देते हुए अपने संस्थान से प्रदूषित पानी का बहाव जयदीप के खेत में किया। वर्तमान में खेत में डेढ़ फुट प्रदूषित पानी खडा है। जलभराव के चलते किसन जयदीप अपने खेत में गेहूं की बिजाई नहीं कर पा रहा है। वहीं, जयदीप ने साक्ष्यों के साथ सीएम विंडों पर शिकायत देकर प्रदेश सरकार व पानीपत प्रशासन से आरोपी फैक्टरी संचालक पर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। जयदीप ने बताया कि उनके गांव इसराना में परढाना रोड पर पानीपत-गोहाना रेल लाइन पर खेत है। उनके खेत के नजदीक करीब तीन एकड़ में फैक्टरी है। फैक्टरी मालिक पहले दूषित पानी ड्रेन में छोड़ता था। अब पानी उनके खेत में आना शुरू हो गया है। करीब डेढ़ एकड़ खेत में पानी घुस आया है। दूषित पानी के चलते उनकी धान की फसल खराब हो गई है। उन्होंने फैक्टरी मालिक से पानी रोकने को कहा तो उन्होंने अपने खेत का प्रबंध खुद करने को कहा। उन्होंने आरोप लगाया कि फैक्टरी का पानी खेत में लगातार आ रहा है। ऐसे में उनके खेत की उपजाऊ शक्ति खत्म हो गई है। पीड़ित किसान जयदीप ने प्रदेश सरकार व पानीपत प्रशासन को लिखित शिकायत कर न्याय की गुहार लगाई है। प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के एसडीओ कुलदीप ने बताया कि मीडिया के माध्यम से जयदीप के खेत में प्रदूषित पानी खडा होने की जानकारी मिली है। इस मामले में वे खेत की जांच करेंगे। जांच रिपोर्ट पर आगे की कार्यवाही की जाएगी।

---

*नागरिक योग-प्राणायाम, प्राकृतिक चिकित्सा, आहार-व्यवहार के द्वारा स्वयं को स्वस्थ रख सकते है*

# स्वस्थ्य रहने की आसान पद्धति है प्राकृतिक चिकित्सा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा



**समालखा।** के गांव पट्टीकल्याणा में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस मनाते हुए नागरिक

गांधी स्मारक निधि, पंजाब, हरियाणा व हिमाचल प्रदेश, गांव पट्टीकल्याणा में द्वारा संचालित प्राकृतिक जीवन केंद्र में राष्ट्रीय प्राकृतिक चिकित्सा दिवस बड़ी धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर प्राकृतिक जीवन केंद्र के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ संदीप जैन ने जानकारी दी कि प्राकृतिक चिकित्सा का उद्देश्य बिना दवा की चिकित्सा प्रणाली है। इसके माध्यम से मानसिक एवं शारीरिक स्वास्थ को बढ़ावा देना है। इस दिवस को आयुष मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 18 नवम्बर 2018 को घोषित किया गया था। उन्होंने पांच तत्वों के हिसाब से स्वस्थ रहने के उपाय बताते हुए कहा कि आज जो भी जीवन शैली से संबंधित बीमारियां हो रही हैं उनमें प्राकृतिक चिकित्सा अद्भुत काम करती है। वहीं, नागरिक योग-प्राणायाम, प्राकृतिकचिकित्सा, आहार-व्यवहार के द्वारा स्वयं को स्वस्थ रख सकते है। इस अवसर पर गांधी स्मारक निधि, प्राकृतिक जीवन केन्द्र में निशुल्क प्राकृतिक चिकित्सा जैसे जल नेति, रबड़ नेति, एनिमा, कुंजल तथा मिट्टी स्नान आदि दिया गया। गांधी स्मारक निधि, आश्रम गांव पट्टीकल्याणा के सचिव आनंद कुमार शरण ने नागरिकों से प्राकृतिक चिकित्सा को अपनाने की अपील की। इस अवसर पर अजय कुमार, डॉ रुपाली जैन, सोनू, सोनिया, गिरिराज, राजेश, विकास, बिमलेश, मीना केन्द्र के साधक-साधिका, गांधी स्मारक निधि पब्लिक स्कूल के विद्यार्थी, शिक्षक, प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

---

## कांग्रेसियों ने भारत रत्न इंदिरा गांधी को जयंती पर भावभीनी श्रद्धंजलि दी



**पानीपत।** में जिला कांग्रेस कमेटी द्वारा बुधवार लाल बत्ती चौक स्थित कांग्रेस भवन में भारत रत्न पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की 108वीं जयंती पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। जिसमें कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने स्व.इंदिरा गांधी के फोटो पर पुष्प अर्पित करके श्रद्धांजलि दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता पानीपत जिला अध्यक्ष ग्रामीण रमेश मलिक ने करते हुए कहा कि इंदिरा गांधी का जीवन साहस, निर्णायक नेतृत्व और राष्ट्र निष्ठा का प्रतीक है। हरित क्रांति, बैंकों का राष्ट्रीयकरण, बांग्लादेश मुक्ति संग्राम में ऐतिहासिक विजय और गरीब व किसानों के उत्थान के लिये उनके प्रयास आज भी भारत की प्रगति की नींव हैं। इस अवसर पर सचिन कुंडू, कांग्रेस एससी सैल के प्रदेशाध्यक्ष मनोज बागड़ी, कंवर सिंह छौक्कर, डॉ.ओमवीर पंवार, दीपक खटकड़, सतपाल वाल्मीकि, सुरेंद्र गौड़, डॉ.जगबीर जिला पार्षद, बलवान वाल्मीकि, नरेंद्र भिवान एडवोकेट, सतपाल रोड़, तिलक राजोरा, संदीप बुडशाम व मुलकराज गुरेजा आदि मौजूद रहे। सभी कार्यकर्ताओं ने भारत रत्न इंदिरा गांधी के सपनों को साकार करने का संकल्प लिया।

---

# स्किल इंडिया से कौशल प्रशिक्षण को मिली राष्ट्रीय प्राथमिकता

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पानीपत




पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप जॉब फेयर में मंचासीन पंचायत विकास मंत्री केएल पंवार।

पीएम नेशनल अप्रेंटिसशिप जॉब फेयर के गांव मडलौडा आईटीआई में जॉब फेयर का आयोजन हुआ। वहीं, फेयर में लगभग 25 कम्पनियों ने प्रतिभाग किया था। इस जॉब फेयर में मडलौडा आईटीआई के 164 होनहार विद्यार्थियों को अलग-अलग औद्योगिक संस्थानों में रोजगार मिला। उक्त सभी चयनित विद्यार्थियों को प्रदेश के विकास एवं पंचायत तथा खनन मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने बुधवार को मडलौडा आईटीआई में आयोजित कार्यक्रम में बधाई दी। इस कार्यक्रम में मंत्री कृष्ण लाल पंवार ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्किल इंडिया, मेक इन इंडिया जैसे अभियानों से कौशल प्रशिक्षण को मिली राष्ट्रीय प्राथमिकता मिली है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी का आरंभ से ही यह विजन है कि जिस छात्र के पास कौशल है वही जीवन में आगे बढने की क्षमता रखता है। वहीं, 11 वर्षों में प्रदेश की भाजपा सरकार ने एक लाख 14 हजार से अधिक युवाओं को कौशल प्रशिक्षण प्रदान किया है। इसी कड़ी में प्रदेश में वर्ष 2015 में राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों की संख्या 142 थी, जो अब बढक़र 197 हो गई है।

---

## समाजसेवी कौशिक ने ब्राहमण समाज को 721 वर्ग गज जमीन दी

# ब्राह्मण समाज ने शशिकांत को सम्मानित किया



**समालखा।** ब्राह्मण समाज शशिकांत कौशिक को पगड़ी बांध कर सम्मानित करते हुए।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| समालखा

- जनता को आगामी दिनों में पुष्कर के अंदर होने वाले विशाल यज्ञ के लिए न्यौता दिया

समालखा ब्राह्मण समाज के कार्यक्रम में मुख्य वक्ता स्वामी श्री प्रखर महाराज ने आशीर्वचन देते हुए भाजपा के वरिष्ठ नेता व समाजसेवी शशिकांत कौशिक के सामाजिक कार्यों की प्रशंसा करते हुए शशिकांत कौशिक जरूरमंद लोगों की निष्काम सेवा कर रहे है। स्वामी श्री प्रखर महाराज ने समालखा की जनता को आगामी दिनों में पुष्कर के अंदर होने वाले विशाल यज्ञ के लिए न्यौता दिया। स्मरणीय है कि समाजसेवी शशिकांत कौशिक ने ब्राह्मण समाज को 721 वर्ग गज जमीन दी थी। वहीं, कार्यक्रम में ब्राह्मण समाज ने शशिकांत कौशिक का आभार जताया और उन्हें सम्मान की पगड़ी पहनाकर आशीर्वाद दिया। इधर, शशिकांत कौशिक ने कहा कि वे अपने सामर्थ के अनुसार समाज की सेवा को और विस्तार देगे। इस अवसर पर आनंद प्रकाश आर्य, धर्मवीर शर्मा बापौली, श्यामलाल सरपंच गांव नामुंडा, राधेश्याम सरपंच गांव छदिया, मुकेश पहलवान सरपंच गांव पट्टीकल्याणा, पार्षद नरेश कौशिक, जनेश्वर दत्त, डॉ सतवीर शर्मा आट्टा, बलजीत शर्मा समेत गणमान्य ब्राहमण उपस्थित थे।

---

## एसडीइएस में कार्यशाला हुई

**पानीपत।** पानीपत के हुडा सेक्टर छह में स्थित एसडी इंटरनेशनल स्कूल में आईआईएमयूएन कार्यशाला का आयोजन हुआ। कार्यशाला का प्रधानाचार्या रूचि शर्मा, आईआईएमयूएन के सीनियर डायरेक्टर यथार्थ व आईआईएमयूएन एम्बेसडर मंजू सेठ ने दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यशाला में वैश्विक मुद्दों, नेतृत्व, संवाद कौशल और टीमवर्क से जुड़े विषयों पर मार्गदर्शन किया गया।

## साइबर पर जागरूक किया

**पानीपत।** साइबर फ्रॉड के विरूद्ध जागरूकता अभियान के तहत पानीपत के पुलिस अधिकारियों और बजाज फाइनेंस कंपनी के प्रतिनिधियों ने माइंड ट्री पब्लिक स्कूल में विद्यार्थियों को जागरूक किया। चांदनी बाग पुलिस स्टेशन के एसआई आशीष भारद्वाज ने विद्यार्थियों को वित्तीय लेनदेन में बरते जाने वाली सावधानी की विस्तार से जानकारी देकर सचेत किया। ट्रैफिक इंचार्ज संदीप कुमार ने विद्यार्थियों को ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर बजाज फाइनेंस के एरिया मैनेजर नीरज कंबोज हरप्रीत सिंह, माइंड ट्री पब्लिक स्कूल के प्रिंसिपल सुरेंद्र जागलान, पूर्व डीएसपी धर्मवीर खरब भी उपस्थित रहे।

## पेंटिंग में मुस्कान प्रथम

**पानीपत।** सतर्कता जागरूकता सप्ताह के तहत पाइट संस्कृति सीनियर सेकेंडरी स्कूल, एनएफएल टाउनशिप पानीपत में यूनियन बैंक ऑफ़ इंडियन पानीपत की तरफ से पेंटिंग प्रतियोगिता करवाई गई। जिसमें प्रथम मुस्कान दीक्षित, द्वितीय भव्या मालिक, तृतीय तनिष कौशिक रहे। रेखा बजाज, बॉबी सिंह, पीएनबी से अरुण कुमार चौहान, चीफ मैनेजर, अमृता व प्रमोद कुमार सीनियर मैनेजर और मोहित आदि मौजूद रहे।

## पैक्स संगणी करण बैठक हुई

**पानीपत।** जिला स्तरीय कार्यान्वयन एवं निगरानी समिति की पैक्स संगणी करण संबंधी बैठक बुधवार को जिला सचिवालय सभागार में उपायुक्त डॉ.वीरेंद्र दहिया की अध्यक्षता में आयोजित हुई। बैठक में डॉ. दहिया ने परियोजना की नियमित समीक्षा, विभागीय समन्वय और निर्धारित समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने सभी संबंधित अधिकारियों को पैक संगणीकरण कार्य को प्राथमिकता देते हुए गति लाने के लिए कहा।

---


## हरिभूमि बम्पर इनामी योजना-2025 के विजेताओं के नाम

### तेरहवां पुरस्कार (सांत्वना पुरस्कार) (1 से 50)

❖ शिव कुमार सुपुत्र श्री राम प्रकाश, 23 प्रेम कॉलोनी, वार्ड नं. 14, सोनीपत ❖ सरिता पुत्री श्री महाबीर निवासी 605/25, आर्य नगर सोनीपत ❖ श्री उमेद सिंह सुपुत्र स्व. श्री चिरंजी सिंह, गांव न्यौला, तह. व जिला झज्जर ❖ राजेश सुपुत्र श्री बलबीर, रोहद, बहादुरगढ, झज्जर ❖ रामकुमार सुपुत्र श्री मामन सिंह, रोहद, बहादुरगढ, झज्जर ❖ रमेश कुमार सुपुत्र श्री कुल्लु राम म. नं. 1022/1, गली नं. 1, कुतुबपुर, रेवाडी ❖ हरीराम अग्रवाल सुपुत्र श्री रामेश्वर दयाल अग्रवाल ❖ गोपीराम सुपुत्र श्री सुरजभान, खातोद, महेन्द्रगढ़ ❖ किशोरी लाल सुपुत्र श्री छैलू राम, गांव हसनपुर, बोचड़िया, अटेली, महेन्द्रगढ़ ❖ श्री राम किशन सुपुत्र श्री तुलसी राम जी, गांव फाजिलपुर, सोनीपत ❖ अनिल सिंगला सुपुत्र श्री देवी राम, 945/30, विकास नगर, ककरोई रोड, सोनीपत ❖ सुमन धर्मपत्नी अनिल कुमार 1019/16, दहिया कॉलोनी, सोनीपत ❖ मधुक सुपुत्र श्री राजेश कुमार राम गली, उत्तम नगर, वार्ड नं. 20, गोहाना, सोनीपत ❖ महक सुपुत्री श्री सतीश कुमार 79/22, विशाल नगर, सोनीपत ❖ सुभाष चन्द सुपुत्र श्री राम दास, म. नं. 1293, सेक्टर-15, सोनीपत ❖ राहुल सुपुत्र श्री जसवंत सिंह, ककरोई, सोनीपत ❖ प्रिया सुपुत्री परवीन कुमार, 83 चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ शिवांगी पाण्डे सुपुत्री श्री मयंक दुरेजा, म. नं. 83, एच.बी.सी. सोनीपत ❖ सोनी सुपुत्री श्री रवि प्रहलाद, म. नं. 20 चिंतपूर्णी कॉलोनी, मुरथल रोड, सोनीपत ❖ हेमलत्ता भरंगर धर्मपत्नी मान सिंह, 323 शाह सदन, मॉडल टाउन, सोनीपत ❖ निर्देश कुमार सुपुत्र श्री जयकरण गांव रोहणा, खरखौदा, सोनीपत ❖ राकेश कुमार सुपुत्र श्री रामसिंह, 750/10D, ओल्ड हाउसिंग बोर्ड कॉलोनी, सोनीपत ❖ शशि रानी धर्मपत्नी श्री राकेश वधवा, 246, एचबीसी, सोनीपत ❖ कायरा सुपुत्री श्री मनोज कुमार, 271/10, चावला कॉलोनी, सोनीपत ❖ दीपक रावत सुपुत्र श्री महेन्द्र सिंह रावत, 19/9, न्यू सब्जी मण्डी, सोनीपत ❖ रामपाल सुपुत्र श्री रामेश्वर, छिछड़ाना, गोहाना, सोनीपत ❖ सरिता धर्मपत्नी श्री महाबीर, 605/25, आर्य नगर, सोनीपत ❖ महाबीर सुपुत्र श्री बाहल सिंह, 65/25 आर्य नगर, सोनीपत ❖ आयुष सुपुत्र श्री बिजेन्द्र, आर्य नगर, सोनीपत ❖ राजवंती धर्मपत्नी श्री महाबीर सिंह, आर्य नगर, सोनीपत ❖ ओमसिंह सैनी सुपुत्र श्री ज्ञानी राम सैनी, सैनी टी स्टाल, देवीलाल चौक, मुगलपुरा, गोहाना, सोनीपत ❖ जितेन्द्र सुपुत्र श्री विरेन्द्र, गांव छपरा, गोहाना, सोनीपत ❖ रामकृष्ण सुपुत्र श्री उमा चरण, 181, सैक्टर 15, पंचकूला ❖ दिव्या सुपुत्री जगदीश, विशकर्मा मंदिर रोड, घरौंडा, करनाल ❖ सनाया सुपुत्री धीरज चुटानी मं नं. 100 सैक्टर 8, पंचकूला ❖ ममता, आर्य बाल भारती पब्लिक स्कूल, घरौंडा, करनाल ❖ हितेश सुपुत्र श्री विजेन्द्र कुमार जुलाना, जीन्द ❖ बलजीत सुपुत्र श्री हवा सिंह गांव गतौली, जुलाना, जीन्द ❖ प्रवेश सुपुत्र श्री राजेश, जुलाना वार्ड 2, जीन्द ❖ अमित सुपुत्र श्री राजेश, जुलाना, जीन्द ❖ सुशील कुमार सुपुत्र मोहन लाल अत्तर सिंह ❖ सितेन्द्र पुत्र श्री फूल सिंह घटौली, जुलाना, जीन्द ❖ दयाराम सुपुत्र श्री जिले सिंह, जामनी बस स्टैण्ड, पुलिस स्टेशन, सफीदों, जीन्द ❖ हरीश सुपुत्र श्री प्रकाश चन्द्र, जुलाना, जीन्द ❖ मोहनलाल सुपुत्र श्री भीम सैन वार्ड नं. 11, जुलाना, जीन्द ❖ नफे सिंह सुपुत्र श्री रामकिशन, म. नं. 2748/29, विकास नगर, भिवानी रोड, जीन्द ❖ महेन्द्र सिंह सुपुत्र श्री रामधारी, वार्ड नं. 23, राम कॉलोनी, जीन्द ❖ रमेश चन्द सुपुत्र स्व. श्री केहर सिंह म. नं. 924/29, राम नगर, रोहतक रोड, जीन्द ❖ राजबीर सिंह सुपुत्र श्री फते सिंह म.नं. 1872/24, जीव कृष्णा कॉलोनी, जींद ❖ सुमन देवी धर्मपत्नी विकास गिल, नजदीक सैक्टर 11, विजय नगर, जीन्द

क्रमशः

शेष विजेताओं की सूची अगले अंक में देखें

### आवश्यक सूचना :

1. सभी पुरस्कारों का वितरण 1 दिसम्बर 2025 से किया जाएगा।
2. पुरस्कार संख्या 1 से 3 तक के विजेताओं को हरिभूमि मुख्यालय, नजदीक इंडस पब्लिक स्कूल, रोहतक से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
3. पुरस्कार संख्या 4 से 13 उपहार के विजेताओं को संबंधित हरिभूमि कार्यालय अभिकर्ता से पुरस्कार प्राप्त हो सकेंगे।
4. यदि किसी भी पुरस्कार पर सरकार के नियमानुसार टी.डी.एस. लागू होगा तो विजेता को लागू टी.डी.एस. की राशि हरिभूमि कार्यालय में एडवांस में जमा करनी होगी।
5. पुरस्कार प्राप्त करने के लिए आपको अपने साथ पुरस्कार विजेता की फोटो आईडी की फोटो प्रति जमा करनी होगी। मूल प्रति को मिलान हेतू साथ में लाना अनिवार्य है।
6. अधिक जानकारी के लिए आप निम्न नम्बरों पर हरिभूमि प्रसार विभाग में प्रातः 11.00 से सायं 4.00 बजे तक सम्पर्क कर सकते हैं :- फोन : 9253681019-20

### - कार्यालय पता -

हरिभूमि, नजदीक इण्डस पब्लिक स्कूल, दिल्ली रोड, रोहतक
ऑफिस नं.: 9253681019-20, फोन : 9253681010, 9253681005

## खबर संक्षेप

### हेरोइन तस्करी का आरोपी गिरफ्तार

**अंबाला।** थाना महेशनगर में दर्ज अवैध नशा बेचने के मामले में सीआईए-2 ने आरोपी गगन को गिरफ्तार किया ह। इस मामलें में पहले गिरफ्तार आरोपी राकेश कुमार उर्फ पंडल व संजू सिंह ने बताया था कि गगन भी इस मामलें में संलिप्त है।17 नवंबर 2025 को सीआईए-2 को सूचना मिली थी कि आरोपी राकेश कुमार मादक पदार्थों की तस्करी का कार्य करता है। इसी आधार पर पुलिस ने नजदीक गणेश विहार टांगरी बांध के पास नाकाबंदी कर आरोपी को काबू किया था। विधिपूर्वक तलाशी लेने पर उससे 15 ग्राम हेरोइन बरामद हुई थी। आरोपी की पहचान राकेश कुमार उर्फ पंडल के तौर पर हुई। तब उसने पूछताछ में संजू सिंह का नाम लिया था। दोनों के खिलाफ महेशनगर थाना में मामला दर्ज किया गया था।

### मोटरसाइकिल चोरी के मामले में आरोपी काबू

**अंबाला।** थाना अंबाला छावनी में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी अभिषेक उर्फ काका को गिरफ्तार किया है। शिकायतकर्ता अनिल कुमार ने 19 अक्तूबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि इंदिरा पार्क से आरोपी ने उसकी मोटरसाइकिल चोरी की है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### बिना अनुमति खैर के पेड़ काटने का आरोपी दबोचा

**अंबाला।** थाना शहजादपुर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी सौरभ को गिरफ्तार किया है। इस मामले में पहले गिरफ्तार आरोपी परवेज खान ने बताया था कि सौरभ भी इस मामले में संलिप्त है। वन रेंज अधिकारी ने 16 जून को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी परवेज खान व अन्य ने नेशनल हाइवे गांव पतरेहड़ी के पास से बिना अनुमति के प्रतिबंधित खैर के पेड़ काटने का आपराधिक कार्य किया है। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था।

### मकान में चोरी के तीन आरोपी दबोचे

**अंबाला।** थाना बलदेव नगर में दर्ज चोरी के मामले में पुलिस ने आरोपी विनित उर्फ पन्नी व गौत्तम उर्फ नवीन, विकास को गिरफ्तार किया है। सिपाही संजय कुमार ने 18 नवंबर 2025 को शिकायत दर्ज करवाई थी कि आरोपी ने न्यू प्रताप नगर में उसके भाई के घर से सिलेंडर, चुल्हा, मिक्सी व बिजली उपकरण चोरी किए हैं। इस शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज किया था। जांच के दौरान तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है।

### अवैध शराब तस्करी मामले में तीन काबू

**अंबाला।** थाना नारायणगढ़ के गांव मिल्क से अवैध शराब तस्करी मामले में पुलिस ने तुरन्त आरोपी हर्ष को 24 बोतल अवैध शराब सहित काबू किया है। उसे न्यायिक में भेज दिया गया है। इसी प्रकार एक अन्य मामले में 18 नवंबर 2025 को थाना महेशनगर के कुंज विहार टांगरी बांध के पास से अवैध शराब तस्करी मामले में पुलिस ने आरोपी अमित व साहिल को अंग्रेजी/देसी 88 पव्वे (22 बोतल) शराब सहित काबू किया है। तीनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया है।

---

### सदस्य बोले-हार के डर से तोड़े जा रहे नियम

# सेक्टर 10 वेलफेयर एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया का विरोध, नारेबाजी

## जिला रजिस्ट्रार को भेजी शिकायत में प्रधान पर लगाए आरोप, निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति का कड़ा विरोध, चुनाव के बहिष्कार की भी दी धमकी

**जब तक विवाद का हल नहीं होता तब तक बहिष्कार करेंगे**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

लगातार नियम तोड़े जाने के कारण अंबाला शहर सेक्टर 10 की वेलफेयर एसोसिएशन की चुनावी प्रक्रिया का विरोध शुरू हो गया है। एसोसिएशन के कई सदस्यों ने साफ कहा कि जब तक विवाद का कानूनी तरीके से हल नहीं होता तब तक वे चुनाव का पूरी तरह से बहिष्कार करेंगे। इस सिलसिले में हरियाणा रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटीज को भी एक शिकायत भेजी गई है। शिकायत में पर चुनावी प्रक्रिया को रद कर प्रशासक नियुक्त करने व गैरकानूनी तरीके से लगाए गए निर्वाचन अधिकारी एडवोकेट इंद्रजीत सिंह गिल की नियुक्ति भी निरस्त करने का आग्रह किया गया है।

#### इन मांगों पर हो कार्रवाई

भेजी गई शिकायत में सेक्टर 10 वेलफेयर एसोसिएशन से जुड़े उपरोक्त सदस्यों ने कई शिकायतों पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने कहा कि अगर उनकी शिकायतों पर कार्रवाई नहीं हुई तो वे चुनाव का बहिष्कार करेंगे। सभी सदस्यों ने निर्वाचन अधिकारी इंद्रजीत सिंह गिल की नियुक्ति के तुरंत रद्द करने की मांग की। उनकी जगह पर प्रशासक का नियुक्त करने का आग्रह किया गया। मौजूदा एसोसिएशन द्वारा शुरू किए गए सभी विकास कार्यों को तुरंत रोका जाए। एसोसिएशन की नई कार्यकारिणी का चुनाव बाई लॉज 18 बी के तहत करवाया जाए। संस्था में हो री वित्तीय अनियमिततओं की जांच करवाई जाए। 30 अक्तूबर 2025 से शुरू किए गए चुनावी कार्यक्रम को रोका जाए। तदनुसार उपयुक्त न्यायालय क समक्ष याचिका दायर की जाए। सदस्यों ने कहा कि नई कार्यकारिणी पारदर्शी तरीके से चुनी जाए इसके लिए स्वतंत्र प्रशासक नियुक्त किया जाए। परिवादियों ने साफ कहा कि उनका मकसद चुनावी प्रक्रिया में खलल डालने का कोई उद्देश्य नहीं है।

#### प्रधान पर नियमों की धज्जियां उड़ाने के आरोप

सेक्टर 10 वेलफेर एसोसिएशन के सदस्य अश्वनी बत्तरा, आरएस विर्क, एसपी गोयल व केपी चौहान की ओर से भेजी गई शिकायत में प्रधान कमल सिंगला पर चुनावी प्रक्रिया को लेकर नियमों की धज्जियां उडाए जाने के आरोप लगे हैं। सदस्यों ने कहा कि एसोसिएशन का पिछला चुनाव 3 सितंबर 2023 को हुआ था। नियमानुसार 2 सितंबर 2025 को इसकी अवधि समाप्त हो गई। 2 सितंबर 2025 से पहले नई कार्यकारिणी का गठन होना चाहिए था जोकि जानबूझकर नहीं किया गया। इसी तरह कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने से एक महीना पहले तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर कार्यवाही शुरू होनी चाहिए थी जोकि नहीं हुई। जनरल बॉडी की मीटिंग भी कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने से दस दिन पहले बुलाई गई। मीटिंग के लिए 530 सदस्यों को नोटिस भेजे गए। कोरम के हिसाब से मीटिंग में 212 सदस्य हाजिर होने जरुरी थी लेकिन कोरम पूरा न होने के बावजूद 48 सदस्यों की उपस्थिति में मीटिंग शुरू हो गई।

#### चुनाव में खलल डालने का प्रयास

कुछ लोग सेक्टर 10 वेलफेयर एसोसिएशन के चुनाव में खलल डालने का प्रयास कर रहे हैं। इसी वजह से झूठी शिकायतें कर रहे हैं जबकि चुनाव प्रक्रिया बिल्कुल कानून के मुताबिक चल रही है। एक शिकायतकर्ता तो खुद चुनाव लड़ने के लिए दो फार्म लेकर गया है। मुझ पर जो भी आरोप लगाए जा रहे हैं सब झूठे हैं। निर्वाचन अधिकारी की नियुक्ति को डीआर ऑफिस से झंडी मिल चुकी है।

-**कमल सिंगला**, प्रधान, सेक्टर 10, वेलफेयर एसोसिएशन, अंबाला शहर

#### कोरम पूरा न होने से मीटिंग अमान्य थी

शिकायत में बताया गया कि मीटिंग समाप्त होने के तक केवल 90 सदस्य ही पहुंच पाए। बिना कोरम पूरा एजेंडा पास कर दिया गया जबकि नियमानुसार कोरम पूरा न होने की वजह से यह मीटिंग पूरी तरह से अमान्य थी। कई सदस्यों का आरोप है कि मीटिंग में निर्वाचन अधिकारी नियुक्त करने का कोई एजेंडा नहीं था। इसके बावजूद एडवोकेट इंद्रजीत सिंह गिल को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त कर दिया गया। जबकि हरियाणा रजिस्ट्रेशन एंड रेगुलेशन ऑफ सोसायटीज एक्ट 2012 के अनुसार आम या फिर बाहरी व्यक्ति को निर्वाचन अधिकारी नियुक्त नहीं किया जा सकता। एक्ट के अनुसार अवधि समाप्त होने से एक महीने पहले तीन सदस्यीय कमेटी गठित कर एसोसिएशन का चुनाव करवाया जा सकता है। समय पर चुनाव न करवाए जाने पर रजिस्ट्रार फर्म एंड सोसायटीज प्रशासक नियुक्त कर सकते हैं जोकि संस्था का कार्यभार संभालकर चुनाव करवाते हैं। परिवादियों का आरोप है कि प्रधान कमल सिंगला व समस्त कार्यकारिणी द्वारा किसी भी कानून की पालना नहीं की गई। कार्यकारिणी का कार्यकाल समाप्त होने से पहले न तो तीन सदस्यीय कमेटी बनाई गई ताकि चुनाव हो सके। बिना कोरम पूरा हुए एजेंडा पारित कर दिया गया। चुनाव करवाने के लिए किसी बाहरी व्यक्ति की नियुक्ति नहीं हो सकती।

---



अंबाला। मीटिंग में मौजूद अधिकारी। फोटो : हरिभूमि

### हवन के साथ 29 को शुरु होगा महोत्सव

# रामबाग मैदान में होगा जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव

- जिला परिषद के सीईओ ने अधिकारियों को तैयारियों के सिलसिले में दिए दिशा निर्देश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

सीईओ जिला परिषद गगनदीप ने बताया कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव 29 नवंबर से 1 दिसंबर तक राम बाग मैदान अंबाला शहर में मनाया जाएगा। महोत्सव को हमें भव्य तरीके से मनाने का कार्य करना है। सीईओ जिला परिषद बुधवार एनआईसी कार्यालय के सभागार में जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के आयोजन को लेकर की जाने वाली तैयारियों को लेकर विभागीय अधिकारियों की बैठक ले रहे थे। इस मौके पर उनके साथ एसडीएम दर्शन कुमार, एसडीएम शिवजीत भारती, एसडीएम सतिंद्र सिवाच व नगराधीश अभिषेक गर्ग मौजूद रहे। सीईओ ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव का आयोजन किया जाएगा तथा समारोह के सफलतापूर्वक आयोजन को लेकर अधिकारियों की डयूटी एवं जिम्मेदारी तय करते हुए उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए।

#### 28 को सेमिनार

कहा कि जिला स्तरीय गीता जयंती महोत्सव के तहत 28 नवंबर को सोहन लाल डीएवी कॉलेज में सेमिनार का आयोजन किया जाएगा। 29 नवंबर को कार्यक्रम स्थल रामबाग मैदान अंबाला शहर में सुबह हवन यज्ञ के साथ जिला स्तरीय समारोह का आरंभ होगा। उसके बाद सांस्कृतिक कार्यक्रमों के साथ-साथ अन्य कार्यक्रमों की प्रस्तुति रहेगी। कार्यक्रम में नगाड़ों, बीन वादकों व अन्य की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी कार्यक्रम का आकर्षण रहेगी। उन्होंने बताया कि महोत्सव के कार्यक्रमों की श्रृखंला में जहां सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुतियां व अन्य शामिल रहेंगी वहीं शोभायात्रा का आयोजन भी किया जाएगा।

---

# प्रशासन ने पांच अवैध निर्माण ढहाए

- चार दीवारी तथा नीवों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। चारदीवारी को ढहाती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि

नगर योजनाकार के दस्ते द्वारा नियत्रित क्षेत्र शहजादपुर में बने कुल 5 अवैध निर्माणों के खिलाफ तोड़फोड़ की कार्रवाई की गई। इस दौरान सब तहसील शहजादपुर तथा जिला में बने 4 अवैध निर्माणों व गांव मघ्घरपुरा में बने 1 अवैध निर्माण को ढहाया गया। इस दौरान मौका पर बने चार दीवारी तथा नीवों को पूर्ण रूप से धवस्त कर दिया गया। मौका पर ड्यूटी मजिस्ट्रेट कम जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान, अभिषेक कनिष्ठ अभियंता, रविंद्र तथा एसएचओ एनफोर्समेंट ब्यूरो भारी पुलिस बल के साथ उपस्थित थे। मौके पर उपस्थित जिला नगर योजनाकार रोहित चौहान ने लोगों से अपील की कि वे भूमालिक व प्रॉपट्री डीलर के झांसे में आकर अवैध कॉलोनियों में कोई भी प्लाट व दुकान न खरीदें। अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीदना पूरी तरह से गैरकानूनी है। अगर किसी ने अवैध कॉलोनियों में प्लाट खरीद कर निर्माण किया तो फिर अवैध निर्माण को ढहा दिया जाएगा।

---

# 300 छात्रों का दल कुरक्षेत्र रवाना, डीईओ बोले-भ्रमण छात्रों के लिए अनमोल अवसर

- कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर के बारे में जान सकेंगे।

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। बच्चों को कुरुक्षेत्र रवाना करते डीईआ सुधीर कालड़ा। फोटो : हरिभूमि

जिला शिक्षा अधिकारी अंबाला सुधीर कालड़ा ने शिक्षा सदन से 14 सरकारी स्कूलों के 300 विद्यार्थियों के दल को छह बसों में कुरुक्षेत्र में आयोजित किए जा रहे अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह में भाग लेने के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर उन्होंने बच्चों को संबोधित करते हुए भ्रमण के दौरान अनुशासन और शालीनता बनाए रखने के लिए कहा। बच्चों की सुरक्षा के मद्देनजर 20 शिक्षकों और दो जिला नोडल अधिकारियों को भी उनके साथ भेजा गया है। शिक्षा विभाग द्वारा इस भ्रमण के लिए जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय को एक लाख की राशि मुहैया करवाई गई है।

#### ये बोले-डीईओ

जिला शिक्षा अधिकारी सुधीर कालड़ा ने कहा कि यह भ्रमण विद्यार्थियों के लिए एक अनमोल अवसर होगा जहां वे गीता के संदेश और कुरुक्षेत्र की ऐतिहासिक धरोहर के बारे में जान सकेंगे। अंतरराष्ट्रीय गीता जयंती समारोह 28 नवंबर से 15 दिसंबर तक कुरुक्षेत्र में आयोजित किया जा रहा है। प्रत्येक वर्ष आयोजित किए जाने वाले इस समारोह में पूर्व की भांति इस वर्ष भी देश-विदेश के लाखों श्रद्धालुओं द्वारा भाग लिए जाने की संभावना है।

---

# 45 हजार से ज्यादा किसानों के बैंक खाते में आए 9.14 करोड़

- प्रधानमंत्री ने किसान सम्मान निधि योजना की 21वीं किस्त जारी की

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला



अंबाला। पीएम नरेंद्र मोदी के भाषण को सुनते डीसी व अन्य अधिकारी।

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना के तहत बुधवार को कृषि विज्ञान केंद्र तेपला में जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने बतौर मुख्य अतिथि शिरकत की। इस मौके पर एसडीएम विनेश कुमार व कृषि विज्ञान केंद्र की वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. उपासना सिंह, कृषि विभाग के उप निदेशक डॉ. जसविंद्र सिंह सैनी मौजूद रहे। इस अवसर पर वर्चुअल प्रक्रिया के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा तमिलनाडु के कोयंबत्तूर से केंद्रीय कार्यक्रम तथा मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के पलवल से राज्य स्तरीय कार्यक्रम का लाइव प्रसारण भी दिखाया गया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा देशभर में किसान सम्मान निधि योजना के तहत बुधवार को किसानों के खाते में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 21 वीं किस्त जारी की गई। इससे पहले कार्यक्रम में पहुंचने पर उपायुक्त का पुष्प गुच्छ देकर अभिनंदन किया गया। उपायुक्त अजय सिंह तोमर ने जिला स्तरीय कार्यक्रम में उपस्थित किसानों व अन्य को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश सरकार द्वारा किसानों के उत्थान के लिए निंरतरता में कार्य किए जा रहे हैं।

#### योजनाओं के प्रति किया जागरुक

वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं प्रधान डॉ. उपासना सिंह ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने डीबीटी के माध्यम से पीएम किसान योजना के अंतर्गत देश के करोड़ों किसानों के बैंक खाते में 21वीं किस्त हस्तांतरित की है। उन्होंने इस अवसर पर रबी फसलों की उन्नत तकनीकों और मौसमी कार्यों के प्रति किसानों को जागरूक किया और फसल अवशेष प्रबंधन योजना के अंतर्गत किसानों को पराली न जलाने बारे जागरूक किया तथा केन्द्र सरकार द्वारा चलाई जा रही योजनाओं के बारे में भी जानकारी दी।

#### योजनाओं का लाभ उठाएं किसान

प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना छोटे और सीमांत किसानों के आर्थिक सशक्तिकरण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। सरकार किसानों की समृद्धि के लिए प्रतिबद्ध है और यह योजना उसी का एक हिस्सा है। इस अवसर पर उन्होंने सरकार द्वारा किसानों के लिए चलाई जा रही विभिन्न योजनाओं बारे जानकारी दी और उन्हे कहा कि इन योजनाओं का लाभ उठाकर वे कृषि क्षेत्र में आगे बढें। सांख्यकीय अधिकारी ने एसडीएम विनेश कुमार को स्मृति चिह्न भेंट कर उनका अभिनंदन किया।

---

### कुछ छात्राओं ने लगाए थे दुर्व्यवहार के आरोप

# प्राचार्य ने दी सफाई, बोले-साजिश के तहत दर्ज करवाया भ्रष्टाचार का केस

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंबाला

- **छात्राओं ने उनके डर से कॉलेज आना छोड़ दिया था**

अंबाला छावनी स्थित राजकीय पीजी कॉलेज के प्राचार्य डॉ. देशराज बाजवा ने कॉलेज में हुए कथित भ्रष्टाचार को लेकर सफाई दी। इस मामले में बाजवा के साथ कई पूर्व प्राचार्यों के साथ दस लोगों का नाम है। इन सभी के खिलाफ स्टेट विजिलेंस ब्यूरो की ओर से केस दर्ज किया गया है। कॉलेज के मौजूदा प्राचार्य डॉ. देसराज बाजवा इस मामले में मीडिया को बताया कि दर्ज हुए केस की साजिश परिवादी व जांच समिति में शामिल डॉ. अजीत सिंह ने रची है। उन्होंने आरोप लगाया कि शिकायतकर्ता रमेश सिंह अहलावत पहले कॉलेज में ही तैनात थे। तब उन पर कुछ छात्राओं ने दुर्व्यवहार के आरोप लगाए थे। यहां तक कि कुछ छात्राओं ने उनके डर से कॉलेज आना छोड़ दिया था। इस पर पूर्व के प्राचार्यों ने अहलावत के खिलाफ छात्राओं की शिकायत से उच्च शिक्षा विभाग को अवगत भी करवाया था। उन्हें अकेले किसी भी छात्रा से बात करने की मनाही थी। इन्हीं आरोपों के चलते शिकायतकर्ता का स्थानांतरण किया गया था। इस कार्रवाई के बाद से ही फर्जी शिकायतों की जा रही हैं। बाजवा ने बताया कि जांच समिति में शामिल डॉ. अजीत सिंह कैंट में कार्यकारी प्राचार्य रह चुके हैं।

---

### थाली सजाओ प्रतियोगिता में चेतना ने मारी बाजी, सानिया द्वितीय रही



**अंबाला।** अंबाला शहर के एमडीएसडी कॉलेज की एनसीसी यूनिट और एनडीएलआई क्लब द्वारा कार्यकारी प्रिंसिपल डॉ. सीमा सिंघल की अध्यक्षता में थाली सजाओ प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और अपनी रचनात्मकता तथा कलात्मक कौशल का सुंदर प्रदर्शन किया। प्रतियोगिता में चेतना ने प्रथम स्थान, सानिया ने द्वितीय स्थान, तथा लवलीन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके अतिरिक्त मुस्कान को सांत्वना पुरस्कार प्रदान किया गया। प्रतियोगिता का संचालन संयोजक रीनू शर्मा, सह संयोजक डॉ. कौशल चौहान एवं कार्यकारी सचिव डॉ. उज्जवल के मार्गदर्शन में किया गया। कॉलेज की प्राचार्या डॉ. सीमा सिंघ्ल ने विजेता विद्यार्थियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। कहा कि इस तरह की रचनात्मक गतिविधियों से विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास मदद मिलती है।

---

**सुविधा** ग्रामीणों को मिलेगा स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ

# संतोखी और बेरपुरा में 1.10 करोड़ रुपये की लागत से तैयार होंगे उप स्वास्थ्य केंद्र

**पूर्व विधायक ने बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों का विधिवत रूप से शिलान्यास किया**

हरिभूमि न्यूज ▶▶| शहजादपुर



शहजादपुर। उप स्वास्थ्य केंद्रों का शिलान्यास करते पूर्व विधायक।

क्षेत्र की विकास योजनाओं को नई गति प्रदान करते हुए पूर्व विधायक डॉ. पवन सैनी ने गांव संतोखी और बेरपुरा में बनने वाले उप स्वास्थ्य केंद्रों का विधिवत रूप से शिलान्यास किया। इस अवसर पर ग्रामीणों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और इस कार्य को सरकार द्वारा ग्रामीण स्वास्थ्य सुविधाओं को सुदृढ़ बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम बताया। कार्यक्रम में सरपंच गुरविंदर कौर (गांव संतोखी), सरपंच कमलजीत सिंह (गांव बेरपुरा), पंचायत प्रतिनिधि, भाजपा कार्यकर्ता, युवा वर्ग तथा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। ग्रामीणों ने फूलमालाओं के साथ पूर्व विधायक डॉ पवन सैनी का स्वागत किया।

#### सुविधाएं मजबूत होंगी: सैनी

डॉ. पवन सैनी ने कहा कि स्वास्थ्य सुविधाओं का आधारभूत ढांचा मजबूत होना किसी भी क्षेत्र के विकास की नींव होता है। उन्होंने कहा कि इन उप स्वास्थ्य केंद्रों के निर्माण से गांवों के लोगों को बुनियादी स्वास्थ्य सेवाओं के लिए शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा और विशेषकर महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को इसका सीधा लाभ मिलेगा। सैनी ने आगे कहा कि सरकार गांवों में स्वास्थ्य सुविधाओं को मजबूत करने के लिए प्रतिबद्ध है। जिस प्रकार से विकास कार्य गांव-गांव तक पहुंच रहे हैं, उससे स्पष्ट है कि मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी की सोच केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं बल्कि वास्तविक रूप से जमीन पर विकास करने की है।

#### मुख्यमंत्री का जताया आभार

मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी का हार्दिक आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क और जल आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं को बेहतर करना सरकार की प्राथमिकता रही है। यह शिलान्यास उसी जनकल्याणकारी सोच का प्रत्यक्ष उदाहरण है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में क्षेत्र में विकास कार्य और भी तेज गति से आगे बढ़ेंगे और जनता की अपेक्षाओं के अनुरूप कार्य होते रहेंगे। उन्होंने बताया कि एक उप स्वास्थ्य केंद्र पर 55 लाख 50 हजार रुपए की राशि खर्च होगी। पंचायती राज विभाग के कनिष्ठ अभियंता मनप्रीत सिंह ने बताया कि स्वास्थ्य विभाग की ड्राइंग के अनुसार उप स्वास्थ्य केंद्रों के भवन तैयार किए जाएंगे। जिनमें डॉक्टर कंसल्टेशन रूम, लेब, वेलनेस रूम, डे केयर रूम, स्टोर, शौचालय आदि का निर्माण किया जाएगा। ग्रामीणों ने भी अपनी प्रतिक्रियाएं व्यक्त करते हुए कहा कि गांव में स्वास्थ्य केंद्र स्थापित होने से लोगों को बीमारी के समय तत्काल उपचार मिल सकेगा।